


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-70 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 23 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


# जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला, 27 से ज्यादा लोगों की मौत की आशंका : सूत्र



श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, इस हमले में 27 से ज्यादा पर्यटकों की मौत होने की खबर है। सेना ने इलाके को घेर लिया है और सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।आतंकियों ने पर्यटकों पर ये फायरिंग बैसरंग इलाके में की है। इस हमले को लेकर पीएम मोदी ने पहलगाम आंतकी हमले को लेकर गृहमंत्री अमित शाह से फोन पर बात की और उन्होंने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। श्रीनगर में अधिकारियों ने बताया कि हमला बैसरन मैदानी क्षेत्र में हुआ, जो पहलगाम के निकट स्थित एक सुंदर लेकिन गैर-मोटर वाहन योग्य स्थान है। वहां एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक समूह पर गोलीबारी की, जिसमें कई लोग घायल हो गए। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि आठ घायलों को पहलगाम में एक अस्पताल ले जाया गया। बाद में दो व्यक्तियों को गंभीर हालत में श्रीनगर अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## पहलगाम अटैकः इस कुख्यात आतंकी संगठन ने ली हमले की जिम्मेदारी

श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के बैसरन पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने



हमला कर दिया इलाके में आतंकवादियों से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को भेजा गया है। इस हमले में कई लोगों के मारे जाने की खबर आ रही है। वहीं एक आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेवारी ली है।

## नाम और धर्म पूछा, फिर मार दी गोली, महिला ने बताया पहलगाम अटैक का खौफनाक मंजर

पहलगाम। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार दोपहर उस वक्त अफरातफरी और दहशत का माहौल बन गया,



जब बेसराण इलाके में आतंकवादियों ने अचानक पर्यटकों और स्थानीय लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस कायराना आतंकी हमले में अब 27 से ज्यादा लोगों की मौत की सूत्रों के हवालें से खबर है, जबकि कई घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में कई पर्यटक भी शामिल हैं। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। घटना दोपहर करीब तीन बजे हुई जब बैसरन घाटी, जिसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' भी कहा जाता है, में आतंकवादी पहाड़ से नीचे उतरे और वहां मौजूद लोगों पर गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। इस हमले के एक चश्मदीद ने घटना का दिल दहला देने वाला मंजर बयां किया है। एक महिला चश्मदीद के मुताबिक, हमला उस वक्त हुआ जब एक महिला अपने पति के साथ भेलपूरी खा रही थी। आतंकवादी उनके पास आया, कुछ सवाल पूछे और बिना किसी जवाब का इंतजार किए सीधे उन पर गोली चला दी। घटना से जुड़ा एक बेहद विचलित कर देने वाला वीडियो भी सामने आया है, जिसमें गोली लगने वाले शख्स की पत्नी लोगों से अपने पति को बचाने के लिए चीखती हुई गुहार लगा रही है। इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट यानी कि टीआरएफ ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस भयावह आतंकी हमले में कम से कम 26 पर्यटकों के मारे जाने की खबर है जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं।

हमले के दौरान आतंकियों ने पर्यटकों से उनका नाम और धर्म पूछकर गोलीबारी की, जिसने इस घटना को लेकर चिंता और बढ़ा दी है।बता दें कि टीआरएफ एक आतंकी संगठन है, जो 2019 में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के बाद उभरा। यह पाकिस्तान समर्थित जिहादी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का ही एक तरह से दूसरा नाम है। टीआरएफ ने नागरिकों, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदायों जैसे कश्मीरी पंडितों, सरकारी कर्मचारियों, और पर्यटकों पर लगातार हमले किए हैं। यह संगठन भारतीय सुरक्षा बलों पर भी हमले करता है। टीआरएफ गैर-धार्मिक प्रतीकों का उपयोग कर स्वयं को धर्मनिरपेक्ष दिखाने की कोशिश करता है।

## सीजेआई पर टिप्पणी कर फंसे बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे, सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती; मामले को अगले हफ्ते किया लिस्ट


नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना पर विवादित बयान देकर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे की मुश्किलें बढ़ गई हैं।



सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए इसे अगले हफ्ते के लिए लिस्ट कर दिया है। अदालत में पेश हुए वकीलों ने दुबे के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है।वकीलों का कहना है कि दुबे का बयान सिर्फ अदालत की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचाता, बल्कि सोशल मीडिया पर भी सुप्रीम कोर्ट को लेकर अपमानजनक टिप्पणियों की बाढ़ ला दी है। उन्होंने अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को पत्र लिखकर इस पर सहमति मांगी है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि मामला गंभीर है और इसे अगले हफ्ते सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। सुनवाई के दौरान वकील ने कहा, बीजेपी सांसद ने कहा कि भारत में गृह युद्ध के लिए CJI जिम्मेदार हैं। यह अब तक का सबसे गंभीर हमला है न्यायपालिका पर।वकीलों की मांग है कि सुप्रीम कोर्ट सोशल मीडिया से संबंधित विवादित वीडियो को हटाने का आदेश दे, जिससे न्यायपालिका की साख को नुकसान न पहुंचे।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव को हमदर्द और रूह अफजा पर सांप्रदायिक टिप्पणी के लिए लगाई फटकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेव को हमदर्द कंपनी और इसके लोकप्रिय



पेय रूह अफजा के खिलाफ सांप्रदायिक टिप्पणियों के लिए कड़ी फटकार लगाई। हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया द्वारा दायर मुकदमे की शुरुआती सुनवाई में न्यायमूर्ति अमित बंसल ने रामदेव के बयानों को अक्षम्य बताते हुए कहा कि यह अदालत की चेतना को झकझोरता है। कोर्ट ने रामदेव के वकील को सख्त आदेश की चेतावनी दी और निर्देश लेने के लिए दोबारा पेश होने को कहा।अदालत ने रामदेव को एक हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया, जिसमें वे वचन दें कि भविष्य में हमदर्द के खिलाफ कोई आपत्तिजनक बयान, विज्ञापन या सोशल मीडिया पोस्ट जारी नहीं करेंगे। कोर्ट ने इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई 1 मई को तय की।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने फिर दो टूक कहा, संसद में लोकतंत्र सुप्रीम....उसके ऊपर कोई नहीं



नई दिल्ली (ए)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर दिए बयान की आलोचना के बीच फिर से खुलकर अपनी राय जाहिर की है। सभापति धनखड़ ने दो टूक कहा कि संसद में लोकतंत्र सुप्रीम है, और उससे ऊपर कोई भी संस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान कैसा होगा और उसमें क्या संशोधन होने हैं, यह तय करने का पूरा अधिकार सांसदों को दिया गया है। उनके ऊपर कोई भी नहीं है। उपराष्ट्रपति धनखड़ का यह दो टूक बयान तब आया है, जबकि उनकी सुप्रीम कोर्ट को लेकर की गई टिप्पणी की एक वर्ग विशेष आलोचना कर रहा है।

उन्होंने दुख जताकर कहा कि कैसा समय देखना पड़ रहा है कि सुप्रीम कोर्ट अब राष्ट्रपति को आदेश दे रहा है। अब राष्ट्रपति को तय समयसीमा में काम करने का आदेश दिया जा रहा है। अदालत कह रही है कि यदि राष्ट्रपति ने फैसला नहीं लिया, तब फिर विधेयकों को लागू मान लिया जाएगा। ऐसी स्थिति है कि संसद को अदालत ही चलाना चाहती है।

## वक्फ कानून पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने की मुसलमानों से चर्चा

मुंबई (आरएनएस)। वक्फ कानून को लेकर मंगलवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मुंबई में मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान उन्हें वक्फ कानून के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे यह कानून देश के गरीब मुसलमानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। मुंबई में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, आज मुंबई में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत आम जन से मुलाकात कर संबोधित किया। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर यहां उपस्थित लोगों का उत्साह अत्यंत सुखद है।

## दमोह में भीषण सड़क हादसा अनियंत्रित बोलेरो गाड़ी नदी में गिरी, 8 लोगों की दर्दनाक मौत

दमोह (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के दमोह जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार मार्ग पर सिमरी गांव के समीप महादेव घाट के पुल पर हुआ, जहां एक अनियंत्रित बोलेरो गाड़ी सोनार नदी में गिर गई।हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। गाड़ी में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास किया गया। जानकारी के मुताबिक, बोलेरो में सवार सभी लोग जबलपुर जिले के अलग-अलग गांवों के निवासी बताए जा रहे हैं।

## मेडिकल टूरिज्म बढ़ाने में भागीदारी करें आयुष विभाग : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को दें बढ़ावा

भोपाल(निप्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मेडिकल टूरिज्म एक उभरता हुआ सेक्टर है। प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म की असीम संभावनाएं हैं।

स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ आयुष विभाग भी इस क्षेत्र में भागीदारी करें। प्रदेश के हर पर्यटन स्थल, धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व के स्थलों के आसपास वैलनेस सेंटर स्थापित किए जाएं, इससे यहां आने वाले पर्यटक आयुष विभाग की प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति और पंचकर्म सुविधा का भी लाभ ले सकेंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उच्च शिक्षा, आयुष



एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव आयुष डी.पी. आहूजा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय आयुष मिशन में प्रदेश में जहां-जहां नए आयुर्वेद महाविद्यालय स्थापित किए जाने हैं, इन्हें प्रारंभ करने के लिए तेज एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएं।

स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग आपसी समन्वय और तालमेल से काम करें और अधिक से अधिक मरीजों को अपनी-अपनी चिकित्सा पद्धतियों से उपचार का लाभ दें। उन्होंने कहा कि दोनों ही विभाग रोजगारपरक शिक्षा की ओर बढ़ें, ताकि प्रदेश को अधिकाधिक डॉक्टर्स एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी मिलें।

## मप्र में 1 से 30 मई तक होंगे तबादले

### - मुख्यमंत्री ने दिए नीति तैयार करने के निर्देश, अगली कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत होगी

भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई निर्णय लिए गए। बैठक में तबादला नीति पर बड़ा फैसला हुआ। तय हुआ है कि प्रदेश में 1 से 30 मई तक तबादले होंगे। मुख्यमंत्री ने नीति तैयार करने के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। अगली कैबिनेट बैठक में तबादला नीति 2025 प्रस्तुत की जाएगी।मध्यप्रदेश के कर्मचारी लंबे समय से तबादलों का इंतजार कर रहे हैं। पिछले साल के अंत में कुछ विशेष मामलों में तबादलों की छूट दी गई थी, लेकिन इसमें कई कर्मचारी ट्रांसफर से वंचित रह गए थे। सीएम डॉ. मोहन यादव ने तबादला नीति को लेकर कहा है कि ट्रांसफर पालिसी जल्दी ही आएगी।

## रियल स्टेट से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में महेश बाबू को ईडी ने भेजा समन, 27 अप्रैल को पेश होने को कहा




हैदराबाद (आरएनएस)। अभिनेता महेश बाबू को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रियल एस्टेट निवेशकों के साथ हुई धोखाधड़ी के मामले में मंगलवार को समन भेजा। ईडी ने अभिनेता को 27 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है।जानकारी के अनुसार, महेश बाबू रियल एस्टेट कंपनी सुराना ग्रुप और साई सूर्या डेवलपर्स के ब्रांड एंबेसडर रह चुके हैं, जो हैदराबाद की कंपनियां हैं। हाल ही में ईडी ने इन कंपनियों के कई ठिकानों पर छापा मारा है। इस दौरान कई अहम दस्तावेज मिले, जिन्हें एजेंसी ने जब्त कर लिया है।ईडी का कहना है कि कंपनी के प्रमोशन के लिए महेश बाबू ने 11 करोड़ से ज्यादा रुपये लिए हैं। एजेंसी ने अभिनेता को 27 अप्रैल को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है।जानकारी के अनुसार, सुराना ग्रुप ने अभिनेता को 5.5 करोड़ रुपये का भुगतान किया, वहीं उन्हें विज्ञापन के लिए साई सूर्या डेवलपर्स से 5.9 करोड़ रुपये मिले थे।





## वॉट्सऐप चैट लीक , अमृतपाल समर्थकों ने रची अमित शाह, रवनीत बिट्टू समेत कई नेताओं पर हमले की साजिश!



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा सांसद रवनीत सिंह बिट्टू और शिअद नेता बिक्रम सिंह मजीठिया पर हमले की साजिश रचने के आरोप में पंजाब पुलिस ने मोगा से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस साजिश का खुलासा एक व्हाट्सएप ग्रुप वारिस पंजाब डे टीम की लीक हुई चैट से हुआ है।जानकारी के अनुसार यह व्हाट्सएप ग्रुप कथित तौर पर अमृतपाल सिंह के समर्थकों द्वारा चलाया जा रहा था, जो इस समय असम के डिब्रूगढ़ जेल में एनएसए के तहत बंद हैं। उनकी हिटलिस्ट में केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू और सीनियर अकाली नेता व पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया भी थे। अमृतपाल के समर्थक उस पर राष्ट्रीय सुरक्षा एक्ट की अवधि बढ़ाने से गुस्से में थे। इसी वजह से खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल को असम की डिब्रूगढ़ जेल में रखा गया है। इसका खुलासा होने के बाद पुलिस ने अमृतपाल के 25 से 30 समर्थकों के खिलाफ मोगा में एफआईआर दर्ज कर ली है। जिसके बाद 2 समर्थकों को अरेस्ट कर लिया गया है। इनमें एक आरोपी लुधियाना में खन्ना के न्यू मॉडल टाउन का बलकार सिंह और दूसरा मोगा का नाबालिग है। बिक्रम मजीठिया ने अमृतपाल के कथित ऑडियो क्लिप्स जारी किए हैं, जिसमें वो गैंगस्टरों से रिश्तों, लूट के माल और राजनैतिक साठगांठ की बात कर रहा है। मजीठिया ने एनआईए जांच की मांग की है।

## *गाजियाबाद : दो गाड़ियों में टक्कर के बाद लगी आग; एक व्यक्ति की जलकर मौत, दूसरा घायल*

*गाजियाबाद (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के वैशाली क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में दो गाड़ियों की टक्कर के बाद आग लग गई, जिसमें झुलसकर एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना एबीएस कॉलेज के पास हुई, जहां एक खड़ी कार में पीछे से आ रही दूसरी कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के समय खड़ी कार का चालक स्टेपनी बदल रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में आग लग गई और स्टेपनी बदल रहा व्यक्ति गाड़ी के नीचे फंस गया।*







# मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये संशोधनों को मंजूरी

## टाइगर रिजर्व बफर क्षेत्रों के विकास के लिए 145 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये संशोधनों को मंजूरी दी गई। योजना अंतर्गत कन्या तथा कन्या के अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हों, साथ ही इनका बी.पी.एल. पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा। कन्या विवाह तथा निकाह सम्मेलन के लिये संभागवार वार्षिक चक्रीय रूप से कैलेण्डर जारी कर सामुहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।संभागवार जिलों मे आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित विवाह जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 एवं अधिकतम 200 जोड़ों की निर्धारित की गयी है। योजना में सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलनों में प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी पूर्व अनुसार निकाय स्तर पर की जायेगीं। पात्र/अपात्र एवं समग्र पोर्टल पर वर-वधू की आधार ई-केवायसी अनिवार्य होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के लिये शासन की ओर से मिलने वाले आर्थिक लाभ को सार्थक बनाने का प्रयास करते हुये आयोजन में जन-प्रतिनिधियों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर समाज के संपन्न और सक्षम व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त किया जायेगा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना में प्रति कन्या राशि 55 हजार रूपये में से वधू को राशि रूपये 49 हजार का एकाउन्ट पेयी चेक और शेष 6 हजार रुपये सामूहिक विवाह समारोह आयोजन के लिए संबंधित निकाय को प्रदाय किया जायेगा। सहायता राशि रुपये 49 हजार डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी.) के माध्यम से वधू के खाते में एवं शेष 6 हजार रूपये आयोजन की व्यवस्थाओं पर व्यय के लिए प्रदाय की जायेगी।



### टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों के विकास के लिए 145 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2027-28 के लिए नवीन योजना टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्रों के विकास के लिए 145 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गयी। इस योजना में बफर क्षेत्रों में संवेदनशील क्षेत्रों में विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इस नवीन योजना में बफर क्षेत्रो में संवेदनशील क्षेत्रों में चेनलिंक फेसिंग का निर्माण किया जाएगा। वन्य प्राणियों की सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। चारागाहों एवं जल स्त्रोतों का विकास किया जाएगा। वन्य प्राणियों का उपचार और स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। नागरिकों के कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश से 9 टाइगर रिजर्व से लगे बफर क्षेत्रों में विगत 4 वर्षों में टाइगर की संख्या 526 से बढ़कर 785 हो गई है।



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने परिवर्तन के पथप्रदर्शक नाम की संकलन का विमोचन किया।

# मासूम सहित आधा दर्जन लोगो को काटने वाले पागल श्वान को डंडे बरसाकर मारना पड़ा

भोपाल(ए)। भोपाल देहात के बैरसिया थाना क्षेत्र में पागल हुए श्वान ने बैरसिया अस्पताल में एक



मासूम बच्ची समेत अलग-अलग जगहो पर आधा दर्जन लोगों पर हमला करते हुए उन्हें काटकर घायल कर दिया। लोगो का कहना है की बैरसिया में अस्पताल से लेकर मंदिर तक पागल कुत्ते ने चौबीस घंटे तक जमकर आतंक मचाया। वह पागल हो चुका था, उसके सामने आने वाले करीब आधा दर्जन लोगो पर हमला कर दांत से काटकर घायल कर चुका था। मंगलवार सुबह नगर पालिका कर्मचारियों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह उन पर भी हमला करने लगा। इसके बाद कर्मचारियों ने उस पर डंडे बरसाकर उसको मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार पागल हुए आवारा कुत्ते ने 21 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे सबसे पहले शासकीय अस्पताल में अपनी मां के साथ आई हुई दामखेड़ा बैरसिया में रहने वाली तीन साल की मासूम रिया पुत्री रवि पर हमला करते हुए चेहरे से लेकर शरीर में कई जगह काटा कर घायल कर दिया। उसके चीखने की आवाजे सुनकर लोगों ने उसे बचाया। घटना उस समय हुई जब मासूम बच्ची की मां डॉक्टर के पास गई हुई थी। इसके बाद पागल हुआ श्वान वहां से भागकर पास बने मंदिर के पास पहुंचा। यहां उसने दो श्रद्धालुओं पर हमला करके उन्हें काट लिया। इसके बाद उसने तीन अन्य लोगों को भी काट लिया। श्वान के पागल होकर लोगो को काटे जाने की सूचना मिलने पर नगर पालिका टीम उसे पकडने के लिए पहुंची।

# हितग्राहियों को न हो परेशानी, इसलिए हड़ताल से दूर रहे भोपाल जिले के संविदा स्वास्थ्यकर्मी

## नियमित टीकाकरण, गर्भवती जांच, प्रसव सहित सभी सेवाएं सुचारू रूप से संचालित



भोपाल(ए)। कतिपय संगठनों के आह्वान पर की जा रही स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल में भोपाल जिले के संविदा स्वास्थ्यकर्मी शामिल नहीं हुए हैं। जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं और मैदानी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से निरंतर जारी रही। दरअसल कुछ संगठनों ने स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल का आह्वान किया था, किंतु मरीजों और अन्य हितग्राहियों के हित को देखते हुए भोपाल में संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने हड़ताल में शामिल न होकर स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर दिए जाने का फैसला लिया है। हड़ताल के पहले दिन 22 अप्रैल मंगलवार को भोपाल जिले में 237 नियमित टीकाकरण सत्रों में से 232 सत्र आयोजित हुए। इस दौरान 831 बच्चों और 187 गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए गए। इसके साथ ही असंचारी रोग स्क्रीनिंग, टीबी, मलेरिया, कुष्ठ, गर्भवती महिलाओं की जांच एवं हाईरिस्क चिह्नांकन, प्रसव, परिवार कल्याण सेवाएं सहित विभिन्न स्वास्थ्य दी जा रही हैं।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत भोपाल जिले में 700 से अधिक संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी कार्यरत हैं।जिसमें चिकित्सक, प्रबंधकीय स्टाफ, नर्सिंग ऑफिसर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर, टीबीएचवी सहित विभिन्न केडर्स शामिल हैं। इनके द्वारा विभिन्न शासकीय अस्पतालों, आयुष्मान आरोग्य केंद्रों, पोषण पुनर्वास केंद्रों, जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र एवं मैदानी स्तर पर अपनी सेवाएं दी जा रही हैं। संविदा कर्मचारियों द्वारा समय-समय पर शासन से उनके हितों के संरक्षण की मांग की जाती रही है। शासन द्वारा सहानुभूतिपूर्वक विचार करके उनके हित में निर्णय भी लिए गए हैं। कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन भी दिया गया है। जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने भी इन मांगों को लेकर सरकार से सकारात्मक रुख की अपेक्षा की है किंतु हितग्राहियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हड़ताल से स्वयं को दूर रखा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि शासन की नीतियां सदैव ही कर्मचारियों के हितों का संरक्षण करने के लिए प्रतिबद्ध होती है।संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की अपेक्षाओं और उनकी मांगों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आग्रह किया जाएगा। जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का ये कदम स्वागत योग्य है कि उन्होंने अपने व्यक्तिगत हितों की अपेक्षा आमजन के हितों को प्राथमिकता दी है।

# रोजगार मेले का आयोजन 28 को

*भोपाल(ए)। जिला रोजगार अधिकारी भोपाल ने बताया कि युवा संगम (रोजगार मेला) का आयोजन 28 अप्रैल 2025 को प्रात:10 बजे से जिला रोजगार कार्यालय, ईदगाह हिल्स, भोपाल में किया जा रहा है जिसमें 15 मल्टिनेशनल कंपनियां एवं 03 स्वरोजगार से संबंधित संस्थायें शामिल होगी।उन्होंने मध्यप्रदेश के सभी रोजगार के इच्छुक आवेदक, आवेदिकाओं से अपील की है कि वे अपने समस्त मूल प्रमाण - पत्रों एवं अपना बायोडाटा सहित साक्षात्कार के लिए 28 अप्रैल को प्रात: 10 बजे उपस्थित होकर युवा संगम रोजगार मेला का सुनहरा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त सकते है। भर्ती कंपनियों द्वारा अपनी शर्तों पर की जाएगी। साक्षात्कार के समय, कंपनी से समस्त जानकारी स्वंय प्राप्त करें।जिला रोजगार मेले में भारतीय एयरटेल, एनआईआईटी, मेग्नम बीपीओ आशिमा मॉल, माँ शारदा इन्टरप्राइजेज, बजाज एलयान्स, नौकरी फाय. कॉम, नीवाबुपा प्रायवेट लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम, पुखराज हेल्थ केयर, एजिस फेडरल लाईफ इन्श्योरेंस प्रा.लि., बजाज केपिटल, केलिबर बिजनेस सपोर्ट सर्विसेस प्रा.लि., एच.डी.बी. फायनेंस सर्विसेस, एक्राटॉस्क मॉल बैंक फायनेंस, एजिस कस्टमर सपोर्ट सर्विसेस प्रा.लि. मिनाल रेसीडेंसी जेके रोड भोपाल, टेक्नोटॉक्स बिजनेस सॉल्यूशन आईटीआई पार्क, भोपाल की मल्टीनेशनल कंपनिया सम्मिलित होंगी।*

# जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं जनसुनवाई में 125 आवेदन प्राप्त हुए





भोपाल (निप्र)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की निर्देशन में मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ श्रीमती इला तिवारी, एडीएम भूपेंद्र गोयल, अंकुर मेश्राम एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 125 आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ श्रीमती तिवारी, एडीएम गोयल, श्री मेश्राम ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की गाइड लाइन्स के अनुसार एम.पी. ट्रांसको की स्काडा प्रणाली का हुआ उन्नयनः ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## अब निगरानी के साथ सबस्टेशनों का नियंत्रण भी संभव

भोपाल (निप्र)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के प्रदेश में क्रियाशील एकस्ट्रा हाइटेंशन सबस्टेशनों की निगरानी (मॉनिटरिंग) के साथ अब इनका रिमोट से नियंत्रण (कंट्रोल) और संचालन का ऑपरेशन संभव हो सकेगा। इसके लिये एम.पी. ट्रांसको ने अपनी पुरानी स्काडा प्रणाली का केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की गाइड लाइन्स के अनुसार उन्नयन करते हुये अत्याधुनिक तकनीक से लैस नई स्काडा प्रणाली (स्काडा सिस्टम) स्थापित कर क्रियाशील कर लिया है। विगत दिवस इसका संचालन नयागांव जबलपुर स्थित नये नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) से प्रारंभ हुआ। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जानकारी दी कि लगभग 51.88 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से निर्मित इस नये स्काडा सिस्टम में पुराने



स्काडा सिस्टम के मुकाबले अनेक नये फीचर्स उपलब्ध है। भारत सरकार के केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की गाइड लाइन्स के अनुसार नये स्काडा सिस्टम को नवीनतम तकनीकों और साइबर सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप उन्नत किया गया है। अब प्रदेश के एकस्ट्रा हाइटेंशन सबस्टेशनों के प्रत्येक मिनिट का रियल टाइम डेटा प्राप्त कर सुरक्षित रखा जा सकेगा। इससे आधुनिक स्काडा सिस्टम की दक्षता और विश्वसनीयता में बढ़ोतरी हुई है। साथ ही इससे सुरक्षा और डेटा विश्लेषण क्षमताओं में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

**उन्नयन ( अपग्रेडेशन ) से यह है फायदा**

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री अमरकीर्ति सक्सेना ने बताया कि नए स्काडा सिस्टम में उन्नत फ़ायरवॉल और मल्टी-लेयर सुरक्षा तंत्र शामिल है, जो संभावित साइबर खतरों से बेहतर सुरक्षा प्रदान करते हैं। इसके डैशबोर्ड में उन्नत डेटा विश्लेषण की सुविधा हैं, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होती हैं।

# मंदिर पर पड़ा चोरो का साया, ताला तोड़कर उड़ाया हजारों का माल

भोपाल(ए)। देहात क्षेत्र के ईंटखेड़ी थाना इलाके में स्थित अंजनी नंदन धाम मंदिर पर अज्ञात बदमाशो ने धावा बोल दिया। आरोपी दरवाजे पर लगा ताला चटकाते हुए हजारों का सामान बटोरकर चंपत हो गए। सुबह जब लोगों पूजा पाठ के लिये पहुंच तब चोरी होने की जानकारी लगी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मंदिर के संरक्षण कृष्णा पचौरी ने बताया कि बैरसिया रोड पर स्थित पहाड़ी पर अंजनी नंदन धाम नाम से मंदिर है। मंदिर पहाड़ी पर बना है, इसलिए रात के समय वहां कोई नहीं रहता है। बीती रात अज्ञात बदमाश मंदिर के भीतर घुसे और ताला तोड़कर चांदी के प्लेट, चांदी का नारियल समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। अगली सुबह जब लोग पूजा-पाठ के लिए मंदिर पहुंचे तब चोरी होने का पता चला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल की जॉच के बाद अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, हादसा या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

भोपाल(ए)। सूखी सेवनिया इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है की युवक की मौत हादसा है या आत्महत्या इस बात का खुलासा जॉच के बाद ही हो सकेगा। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह घर से मोबाइल लेकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। मिली जानकारी के अनुसार शिवनगर कॉलोनी छोला मंदिर का रहने वाला तरुण कुमार जैन (26) सोमवार सुबह अपना मोबाइल लेकर पैदल ही घर से निकला था। दोपहर करीब 12 बजे तब जब वो वापस नहीं लौटा तब मां ने उसे खाने के लिए फोन किया तब उसेन थोड़ी देर बाद वापस आने की बात कही थी। इसके बाद दोपहर करीब ढाई बजे सूखी सेवनिया में ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान कर परिवार वालो को हादसे की खबर दी। तरुण सूखी सेवनिया तक कैसे और क्यो पहुंचा था, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। परिवार वालो के डिटेल बयान दर्ज होने के बाद ही घटना के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही तय की जायेगी।

# आदमपुर कचरा खंती में एक बार फिर लगी भीषण आग

भोपाल(ए)। राजधानी के आदमपुर स्थित कचरा खंती में गर्मी के दिनों में अक्सर आग लगने की घटनॉए सामने आती रहती है। मंगलवार दोपहर को एक बार फिर यहां आग लग गई। इन दिनो तेज गर्मी होने के कारण सूखे कचरे में लगी आग ने देखते ही देखते तेजी से फैलते



हुए विकराल रूप धारण कर लिया। आग की भयावहता को अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है की खंती में लगी आग की लपटें करीब 50 फीट तक उठ रही थी। वहीं इसका धुआ भी 10 किलोमीटर से अधिक दूरी से नजर आया। आसपास के लोगो का कहना है की दोपहर करीब 1 बजे खंती में पड़े कचरे में लगी आग थोड़ी देर में ही काफी भीषण हो गई। कचरे का धुआं आसपास के गांवों में पहुंचने से लोगों की आंखों में जलन होने लगी थी। खंती में आग लगने की सूचना मिलने पर नगर निगम की दमकलें मौके पर पहुंची और आग को फैलने से रोकने की कोशिश के साथ ही उस पर काबू पाने में प्रयास शुरु कर दिये। गौरतलब है कि बता दें कि कचरा खंती में हर साल आग लगने की घटनाएं होती है, जिसकी चपेट में आकर हजारों क्विंटल कचरा जल जाता है।

# जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ईंटखेड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल हुए

## बाणगंगा विसर्जन घाट पर सफाई, सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के लिए किया श्रमदान



भोपाल (निप्र)जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ईंटखेड़ी में बाणगंगा नदी के विसर्जन घाट पर सफाई, सौंदर्यीकरण एवं जल संरक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बलिदान स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके त्याग और बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में विधायक विष्णु खत्री,जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन सिंह जाट, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रमोद राजपूत,सरपंच हरि सिंह सैनी, तीरथ सिंह मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी एवं अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री सिलावट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जल संरक्षण के संकल्प को पूरा करने के लिए अभियान में सहयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में 13 मिनट तक जल गंगा संवर्धन और संरक्षण की आवश्यकता बताई थी। भविष्य के लिए जल को संरक्षित करना आवश्यक है, क्योंकि जल के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मंत्री श्री सिलावट ने जन-आंदोलन के साथ इस कार्य को करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि गांव, जिले, राज्य और देश में श्रमदान को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। बैरसिया विधानसभा में 70 अमृत सरोवर हैं, जिनका संवर्धन करना है। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम लगाने का भी आग्रह किया। श्री सिलावट ने 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी वर्गों से जल संरक्षण कार्यों में सहभागिता करने को कहा। उन्होंने ऐतिहासिक, धार्मिक स्थलों पर जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए श्रमदान का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा कि धरातल पर काम की प्रगति दिखनी चाहिए और काम में कोताही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जल स्त्रोतों में अतिक्रमण को पूरी तरह से हटाने के भी निर्देश दिये।

# सेना के कमांडर को कार सवार युवकों ने पीटा

## -चकरावदा टोल के पास कार टकराने को लेकर हुआ था विवाद, 5 गिरफ्तार

उज्जैन, (आएनएस)। कश्मीर के उरी सेक्टर में पोस्टेड सेना के कमांडर अपनी कार से परिवार के साथ उज्जैन आए थे। वह उन्हेल रोड चकरावदा टोल के पास से गुजर रहे थे तभी दूसरी कार से टक्कर हो गई। इसको लेकर कार से उतरकर युवकों ने कमांडेंट के साथ मारपीट कर दी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कैलाश परिसर सुभानपुरा वडोदरा (गुजरात) में रहने वाले सेना के कमांडर अनुपम कुमार दुबे पिता राजेन्द्र आर. दुबे अपने परिवार के साथ कार से उज्जैन आए थे। यहां से लौटते समय सोमवार करीब 7 बजे वह उन्हेल रोड चकरावदा टोल नाके के पास से गुजर रहे थे तभी दूसरी कार से उनकी टक्कर हो गई।कमांडर अनुपम कुमार ने अपनी कार से उतरकर दूसरी कार में बैठे अशोक, सेवाराम, अर्जुन, रितेश, भरत को समझाने का प्रयास किया तो पांचों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। अनुपम दुबे कुछ समझ पाते इतनी देर में बदमाशों ने उन पर हमला कर घायल कर दिया।

# एक फंदे पर मिली 2 लाश, लगाकर बुजुर्ग दंपति ने की खुदकुशी, सामने आई सुसाइड की खौफनाक वजह

जबलपुर (आरएनएस)। जिले से आत्यहत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. जहां बुजुर्ग दंपति के लिए बीमारी जी का जंजाल बन गई. जिससे तंग आकर दोनों ने मौत को गले लगा लिया. इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है. जबकि पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है. यह घटना मझगवां थाना क्षेत्र के सिंगुली गांव की है. दरअसल, सुबह जब बुजुर्ग दंपति कमरे से काफी देर तक बाहर नहीं निकले तो उसके लड़के ने दरवाजा तोड़कर अंदर गया और उसकी आंखे फ्टी के फ्टी रह गई. क्योंकि दंपति ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी. एक ही साथ दोनों का शव लटकता मिला.कुछ ही देर में यह खबर पूरे गांव में फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ लग गई.

# लंबे समय के बाद इंदौर में दो कोरोना मरीज आए सामने

इंदौर (आरएनएस)। पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद स्वास्थ महकमे में हलचलकोविड पॉजिटिव महिला की इलाज के दौरान मौत, किडनी की बीमारी से थी ग्रसितयुवक का इलाज जारीयुवक मूल रूप से देवास का रहने वाला इंदौर मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी ने देवास स्वास्थ विभाग को भेजी जानकारी कांटेक्ट ट्रेसिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला तैनात युवक के परिवार के लोगों के लिए जाएंगे सैंपल कोविड पॉजिटिव युवक को आइसोलेशन वार्ड में किया गया शिफ्ट...।

# आनंद विभाग द्वारा नैनोद ग्राम में अल्पविराम परिचय सत्र का किया गया आयोजन



इन्दौर(आएनएस)। राज्य आनंद संस्थान भोपाल एवं जिला प्रशासन इंदौर के निर्देशन में आनंद ग्राम नैनोद के आनंदकों के लिए आज अल्पविराम परिचय सत्र का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक विजय कुमार मेवाड़ा द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर राजेश सिसोदिया, यश पाराशर, दिनेश चौधरी और मीनाक्षी मिश्रा द्वारा सत्र का संचालन किया गया। आनंद विभाग का परिचय से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साथ ही संस्थान का परिचय एवं कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में सही समझ व आंतरिक आनंद को विकसित करने हेतु विभिन टूल्स प्रस्तुत कर बताया गया कि कैसे हम अपने जीवन को हल्का और आनंदीत बना सकते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण जनों ने अपने जीवन में सही समझ व आनंद के साथ अपने कार्य क्षेत्र एवं व्यक्तिगत जीवन को कैसे जीना है,इसकी प्रक्रिया को विभिन्न टूल्स के माध्यम से समझा। उज्जवल प्रकाश स्वामी ने हास्य गतिविधियों के माध्यम से सभी को आनंदित किया। ग्राम सरपंच कुंवर सुरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि अल्पविराम को जीवन में जीने से उनका जीवन बहुत सरल हो गया है ,

# श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 29 जून को रतलाम में, प्रदेश भर से जुटेंगे सैकड़ों पत्रकार

रतलाम (आरएनएस)। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की नव निर्वाचित प्रदेश कार्य समिति की प्रथम बैठक रतलाम आगामी 29 जून को रतलाम में होगी?।बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों सहित प्रदेश के सभी संभाग एवं जिले के पदाधिकारी इस बैठक में भाग लेने के लिए रतलाम पहुंचेंगे।यह जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेश जैन ने रविवार को आयोजित श्रमजीवी पत्रकार संघ रतलाम जिला कार्यसमिति की बैठक में दी?।बैठक में संघ के ऑनलाइन सदस्यता समिति के प्रदेश संयोजक शरद जोशी, शासन और संगठन समन्वय समिति के प्रदेश सह संयोजक राजेंद्र पुरोहित, प्रदेश सचिव डॉ. नरेंद्र सिंह राजावत, प्रदेश के संयुक्त सचिव प्रीतपाल सिंह राणा, उज्जैन संभाग के अध्यक्ष मनोज जैन एवं संभाग के महासचिव राजेंद्र अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में जिलाध्यक्ष राजेश जैन, महासचिव दिनेश दवे, उपाध्यक्ष आरिफ कुरैशी, विजय मीणा, मनोज भंडारी, कोषाध्यक्ष किशोर जोशी, सचिव कैलाश टांक सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया।

# कंटेनर में बना था गुप्त केबिन, छुपा रखा था अवैध मादक पदार्थ, पुलिस ने पंजाब के दो युवकों को किया गिरफ्तार

## एसपी अमित कुमार की नशे के सौदागरों के खिलाफलगातार कार्रवाई, 56 लाख का सामान जब्त, जावरा से हरियाणा ले जाने वाले थे नशे का सामान

रतलाम, (आरएनएस,)। एसपी अमित कुमार द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार की जा रही कार्रवाई में एक और बड़ी सफ्लता हाथ लगी है। पुलिस ने 1200 किलो डोडाचुरा के साथ पंजाब के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कंटेनर में बने गुप्त केबिन में छुपाकर उक्त मादक पदार्थ को जावरा से हरियाणा की ओर ले जा रहे थे। एसपी अमित कुमार ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने जिले में यह डोडाचूरा किन लोगों से लिया था और वह किसे देने वाले थे, इस बात का पता लगाया जा रहा है। सभी को आरोपी बनाया जाएगा।

### इस तरह पकड़ाए

जिले मे अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु एसपी अमित कुमार के द्वारा सभी थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया था । इसी तारत्मय मे एएसपी राकेश खाखा व सीएसपी जावरा दुर्गेश आर्मो के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावरा शहर जितेन्द्र सिंह जादौन द्वारा जावरा शहर पर टीम बनाकर कार्रवाई की गई। जावरा सर्कीट हाउस के सामने से आरोपी सतविंदर सिह उर्फ गोपी पिता कंवरजीत 34 साल जालंधर पंजाब और सुखदेवसिह पिता सुच्चा सिह 37 साल निवासी ग्राम पंजाब को 1200 किलो डोडाचुरा के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा एक कन्टेनर में छुपा हुआ केबिन बनाकर उसमे अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा 60 बोरो मे भरकर रखा गया था। जिसका कुल वजन 1200 किलोग्राम है। मुखबिर



सूचना पर माल पकडा जाकर आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया। उक्त मामले में थाना जावरा पर धारा-8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। एसपी ने बताया कि आरोपी उक्त अवैध मादकपदार्थ उज्जैन होते हुए इंदौर ले जाने वाले थे वहा से मादक पदार्थ हरियाणा ले जाने वाले थे। आरोपियों का पीआर प्राप्त कर आरोपी से डोडाचुरा के स्त्रोतो संबंध मे पूछताछ की जानी है । जप्त शुदा डोडाचुरा की अंतराष्ट्रीय बाजार मे कीमत करीबन 36 लाख रुपए है ।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

निरीक्षक जितेन्द्र सिह जादौन, उनि. रघुवीर जोशी , प्र आर जाकीर खान, प्रआर अजय दुबे , प्रआर. मृदंग सातपुते, आरक्षक सुरेन्द्रपालसिह,आरक्षक यशवंत जाट, आरक्षक राधेश्याम चौहान, आरक्षक रवि कुमार, आरक्षक ललित जगावत, आरक्षक शैलेन्द्रसिह, आरक्षक नारायणसिह, आरक्षक रामप्रसाद मीणा की सराहनीय भूमिका रही।




# जिले के स्व-सहायता समूहों की दीदियों को मिला सिटी मॉल में काउण्टर लगाने का अवसर

## आकर्षण का केन्द्र बने समूहों के उत्पाद

ग्वालियर (आरएनएस)। जिले के स्व-सहायता समूहों में संगठित दीदियों के हाथों से बने उत्पाद अब केवल हाट बाजार तक ही सीमित नहीं रहे हैं। बड़े-बड़े मॉल में भी स्व-सहायता समूहों को अपने उत्पादों की बिक्री का अवसर मिल रहा है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार की पहल पर दीनदयाल सिटी मॉल में जिले में मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाए गए उत्पादों का बिक्री सह प्रदर्शन किया गया। दीनदयाल मॉल में जय राम लला स्वयं सहायता समूह कुलैथ द्वारा आचार, बड़ी, चिप्स, मूंग दाल बड़ी, पापड़ व आजीविका हनी का काउण्टर लगाया गया है। इसी प्रकार प्रोड्यूसर ग्रुप उदयपुर द्वारा शहद व जय माता दी स्वयं सहायता समूह द्वारा सभी प्रकार के मसाले, महामाया स्वयं सहायता समूह द्वारा घी एवं गोबर के उत्पाद बिक्री के लिये रखे गए हैंद्य इन समूहों का प्रतिनिधित्व क्रमशः श्रीमती वर्षा, सुधा,श्रीमती फूलकली, श्रीमती सुनीता द्वारा किया गया द्य

# संभागायुक्त श्री वर्मा ने ज्ञानाश्रय में छात्र-छात्राओं के बीच मनाया अपना जन्मदिवस



जबलपुर(आरएनएस)। संभागायुक्त अभय वर्मा ने मॉडल स्कूल में संचालित नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस के छात्र- छात्राओं के साथ अपना 60 वाँ जन्मदिवस मनाया। जिसमें संस्था से संबंधित सभी व्यक्ति मौजूद थे। संभागायुक्त श्री वर्मा ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी कक्षाओं में निरंतरता ही आपकी सफलता के लिए रामबाण साबित होगी। उन्होंने बताया कि जबलपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए ज्ञानाश्रय एक बेहतर प्लेटफार्म है, जिसमें सफलतम अधिकारियों द्वारा नियमित मार्गदर्शन दिया जाता है।

## व्यापार समाचार

# GOLD ने रचा इतिहास, पहली बार 1,00,000 रुपये पहुंची कीमत, जानिए आखिर क्यों बढ़ रहे हैं दाम

नई दिल्ली (आरएनएस)। सोना ने मंगलवार को नया ऑल-टाइम हाई बनाया और पहली बार कीमत 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है।इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। इससे पहले 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 96,670 रुपये था, जो दिखाता है कि बीते 24 घंटे में सोने की कीमत में 3,300 रुपये प्रति 10 ग्राम का इजाफा हुआ है। 22 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 97,600 रुपये प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट सोने का भाव बढ़कर 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 81,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है।हाजिर के साथ वायदा बाजार में भी सोने की कीमतों में तेजी बनी हुई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 जून 2025 के कॉन्ट्रैक्ट्स 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98,991 रुपये प्रति 10 ग्राम



पर थे। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह फेड रेट कट को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फेडरल चेयरमैन जेरोम पॉवेल के बीच मतभेद होना है। वहीं, अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड वार और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने को माना जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने की कीमतों में तेजी बनी हुई है। सोने का भाव 3,480 डॉलर प्रति औंस पर बना हुआ है, जो सोने का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है। कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह का कहा, सोने की कीमतें ऑल-टाइम हाई पर होने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और यूएस फेड चेयर जेरोम पॉवेल के बीच फेड ब्याज दरों में कटौती को लेकर बढ़ता मतभेद है। इसके अतिरिक्त, डॉलर में कमजोरी और यूएस-चीन व्यापार युद्ध के कारण अनिश्चितताएं अन्य महत्वपूर्ण कारण हैं जिन्होंने सोने की कीमत को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा दिया है।



# गाड़ियों के हॉर्न अब नहीं करेंगे दिमाग खराब, नितिन गडकरी ला रहे नया कानून

नई दिल्ली नई दिल्ली (आरएनएस)। सड़क पर ट्रैफिक के कर्कश हॉर्न से परेशान लोगों के लिए जल्द ही राहत भरी खबर आ सकती है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी वाहनों के हॉर्न की आवाज को बदलने के लिए एक नया कानून लाने की योजना बना रहे हैं। इस कानून के तहत गाड़ियों के हॉर्न में भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि का इस्तेमाल किया जाएगा।मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में एक कार्यक्रम में इस योजना का खुलासा करते हुए कहा कि उनका मानना है कि गाड़ियों के हॉर्न की तेज और अप्रिय आवाज ध्वनि प्रदूषण बढ़ाती है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। इसके बजाय, यदि हॉर्न में बांसुरी, तबला, वायलिन या हारमोनियम जैसे भारतीय वाद्ययंत्रों की आवाज का उपयोग किया जाए, तो यह सुनना सुखद होगा और शोर कम होगा।गडकरी ने परिवहन क्षेत्र से होने वाले वायु प्रदूषण पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि देश में लगभग 40 प्रतिशत वायु प्रदूषण परिवहन के कारण होता है।

# अब 10 साल के बच्चे भी चला सकेंगे अपना सेविंग अकाउंट, आरबीआई का बड़ा फैसला; जानें कब होंगे नए नियम लागू




नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक ने बच्चों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। अब 10 साल या उससे अधिक उम्र के बच्चे अपना बैंक खाता खुद ऑपरेट कर सकेंगे। यह नई व्यवस्था जुलाई 2025 से देश के सभी वाणिज्यिक बैंकों, सहकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों में लागू होगी। आरबीआई ने यह निर्णय बच्चों को बैंकिंग के प्रति जागरूक करने और उन्हें वित्तीय जिम्मेदारियों को समझने का मौका देने के लिए लिया है। इससे माता-पिता को भी बच्चों को स्वतंत्रता देने में आसानी होगी।बदलावों में मुख्य तौर पर 10 साल या उससे अधिक उम्र के बच्चे खुद से सेविंग और फिक्स्ड डिपॉजिट अकाउंट ऑपरेट कर सकेंगे। सभी बैंकों को निकासी और जमा सीमा को लेकर अपने-अपने नियम तय करने की छूट दी गई है। यह नियम उन खातों पर भी लागू होंगे जो माता-पिता द्वारा खोले गए हैं लेकिन बच्चों द्वारा ऑपरेट किए जा रहे हैं। 18 वर्ष की उम्र होते ही खाताधारक का नया केवाईसी और हस्ताक्षर लिया जाएगा। खाता खोलने के लिए आधार कार्ड जैसे दस्तावेज अनिवार्य होंगे।त्रद्बढ्ढ ने सभी बैंकों को जुलाई 2025 से पहले आवश्यक बदलाव लागू करने और तकनीकी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। इस फैसले से न केवल बच्चों में वित्तीय समझ विकसित होगी, बल्कि यह भविष्य की जिम्मेदार नागरिकता की दिशा में भी एक अहम कदम साबित होगा।

# ऑस्ट्रेलिया में अदाणी का मास्टरस्ट्रोक, भारत बन रहा बाजार से मार्गदर्शक

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत के सबसे बड़े पोर्ट ऑपरेटर अदाणी पोर्ट्स ने ऑस्ट्रेलिया के नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल (NQXT) को वापस अपने नियंत्रण में लेकर भू-राजनीतिक और आर्थिक गलियारों में एक बड़ा रणनीतिक कदम उठाया है। 2.4 अरब अमेरिकी डॉलर का यह सौदा सीधे तौर पर नकद लेनदेन पर आधारित नहीं है, बल्कि अदाणी समूह की कंपनियों द्वारा कारमाइकल रेल और पोर्ट सिंगापुर होल्डिंग्स को 14.35 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे, जिससे प्रमोटर की हिस्सेदारी में 2.12त्न की वृद्धि होगी। यह अधिग्रहण महज एक व्यावसायिक सौदा नहीं है, बल्कि वैश्विक व्यापार परिदृश्य में भारत की बढ़ती रणनीतिक दूरदर्शिता का प्रमाण है।

ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी भाग में स्थित यह बंदरगाह भारत के लिए पश्चिम से पूर्व तक व्यापार मार्गों में प्रवेश का एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार साबित हो सकता है। इस बंदरगाह से होने वाले 90त्न कार्गो का सीधा संबंध एशियाई देशों, विशेषकर भारत और चीन से है। यह 'पावर प्ले' अदाणी समूह की वैश्विक विस्तार की रणनीति में पूरी तरह फिट बैठता है। बोवेन और गैलीली कोल माइंस से सीधी कनेक्टिविटी के कारण यह ऊर्जा और संसाधनों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करता है। भविष्य में, यही टर्मिनल ग्रीन हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ ईंधनों के निर्यात में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आज के दौर में बंदरगाह केवल जहाजों के ठहरने की जगह नहीं रह गए हैं, बल्कि वे भू-राजनीतिक और आर्थिक शक्ति के नए केंद्र के रूप में उभरे हैं। ब्लैकरॉक जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों का पनामा और अन्य महत्वपूर्ण बंदरगाहों में भारी निवेश इस बात का स्पष्ट संकेत है कि बंदरगाहों पर नियंत्रण भविष्य की शक्ति का निर्धारण करेगा। अदाणी पोर्ट्स का यह कदम भारत को इसी शक्ति के केंद्र में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। गौरतलब है कि नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल पहले भी अदाणी समूह के स्वामित्व में था, जिसे 2011 में खरीदा गया था और 2013 में घरेलू विस्तार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रमोटर को हस्तांतरित कर दिया गया था।

# अदरक, टमाटर और फूलगोभी की कीमतों में मार्च में हुई सबसे अधिक गिरावट



नई दिल्ली (आरएनएस)। खुदरा महंगाई दर मार्च में छह वर्षों के निचले स्तर 3.34 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसके साथ ही अदरक, टमाटर, फूलगोभी, जीरा और लहसुन की कीमतों में बड़ी गिरावट देखी गई।

वित्त मंत्रालय के डेटा के मुताबिक, सालाना आधार पर अदरक की कीमतों में 38.11 प्रतिशत की गिरावट हुई है, जबकि टमाटरों की कीमत में 34.96 प्रतिशत, फूलगोभी की कीमत में 25.99 प्रतिशत, जीरे की कीमत में 25.86 प्रतिशत और लहसुन की कीमत में 25.22 प्रतिशत की गिरावट हुई है।मार्च 2025 में जिन उत्पादों की कीमतों में वृद्धि हुई है, उनमें 56.81 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ नायिरल तेल शीर्ष पर था। वहीं, नारियल की कीमत में 42.05 प्रतिशत, गोल्ड की कीमत में 34.09 प्रतिशत, सिल्वर की कीमत में 31.57 प्रतिशत और अंगूर की कीमत में 25.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।बीते महीने हेल्थ सेगमेंट में महंगाई दर 4.26 प्रतिशत रही है, जो कि फरवरी में 4.12 प्रतिशत थी।शहरी क्षेत्रों में हाउसिंग महंगाई दर बढ़कर 3.03 प्रतिशत हो गई है, जो कि फरवरी में 2.91 प्रतिशत थी।परिवहन और संचार कैटेगरी में महंगाई दर फरवरी में 2.93 प्रतिशत की तुलना में मार्च 2025 में बढ़कर 3.30 प्रतिशत हो गई है।फ्यूल और लाइट कैटेगरी में महंगाई दर फरवरी में 1.33 प्रतिशत से बढ़कर मार्च में 1.48 प्रतिशत हो गई, जिसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र शामिल हैं।शिक्षा से जुड़ी महंगाई दर में मार्च में 3.98 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है, जो कि इससे पहले के महीने में 3.83 प्रतिशत थी।खुदरा महंगाई दर वित्त वर्ष 2024-25 में कम होकर 4.6 प्रतिशत हो गई है। यह वित्त वर्ष 2018-19 के बाद महंगाई का सबसे कम आंकड़ा है।खाद्य महंगाई मार्च 2025 में कम होकर 2.69 प्रतिशत हो गई है और यह नवंबर 2021 के बाद खाद्य महंगाई का सबसे निचला स्तर है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य महंगाई दर 2.82 प्रतिशत थी, जबकि शहरी क्षेत्र में खाद्य महंगाई दर 2.48 प्रतिशत थी।

# रुपया डॉलर के मुकाबले चार पैसे टूटकर 85.19 पर

## - सोमवार को डॉलर के मुकाबले 23 पैसे मजबूत होकर 85.15 पर बंद हुआ था



मुंबई (ए.)। रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ चार पैसे कमजोर होकर 85.19 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों से मिले समर्थन को निवेशकों द्वारा डॉलर की पुनर्खरीद ने बेअसर कर दिया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि शुल्क और अमेरिकी मौद्रिक नीति से उत्पन्न आर्थिक प्रतिकूलताओं के बारे में चिंता बनी हुई है, जिससे मांग में कमी आ सकती है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.11 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 85.19 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे मजबूत होकर 85.15 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.09 पर रहा।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## बांग्लादेश लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की राह पर लौटेगा

बांग्लादेश की अपस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना निर्वासन के दर्द और पीड़ा से धीरे-धीरे उबर रही हैं। बंगाली नववर्ष 'पोहेला बैशाख' के अवसर पर अपनी पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ताओं और देशवासियों के लिए जारी अपने संदेश में उन्होंने कहा है, 'आज स्वतंत्रता-विरोधी ताकतों ने बांग्लादेश में अवैध रूप से सत्ता पर कब्जा कर लिया है।

वे सक्रिय रूप से बंगाली संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं।' उन्होंने दो टूक कहा, 'जो लोग अब बांग्लादेश का शासन चला रहे हैं, वे राष्ट्र और हमारी संस्कृति के दुश्मन हैं।' लोगों को याद होगा कि पिछले वर्ष अगस्त में कट्टरपंथियों ने शेख हसीना की निर्वाचित सरकार का तख्ता पलट दिया था। उसके बाद से वे भारत में निर्वासित हैं। हाल-फिलहाल बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उससे प्रतीत होता है कि वहां इस समय बंगाली अस्मिता और इस्लामी पहचान के बीच सीधा संघर्ष चल रहा है। अमेरिका के समर्थन से देश की सत्ता की बागडोर संभालने वाले मो. यूनुस और कट्टरपंथी जमाते इस्लामी व हिफाजते इस्लाम जैसे संगठन बांग्लादेश का नया इतिहास लिख रहे हैं। बांग्लादेश में शुरू से बैसाख महीने के पहले दिन 'मंगल शोभायात्रा' के नाम से जुलूस निकाला जाता रहा है। लेकिन इस वर्ष हिफाजते इस्लाम और जमाते इस्लामी जैसे कट्टरपंथी संगठनों ने मंगल शोभायात्रा को हिन्दू अनुष्ठान बताकर इसका नाम बदलने के लिए सरकार पर दबाव बनाया।सरकार ने इसका नाम बदल कर 'आनंदो शोभायात्रा' कर दिया। आश्चर्य की बात यह है कि लोकतंत्र और मानवाधिकार की दुहाई देने वाले अमेरिका और पश्चिमी देश बांग्लादेश में इस्लामी पहचान की वकालत करने वाली ताकतों का समर्थन कर रहे हैं। इस हकीकत को नजरअंदाज कर रहे हैं कि इस्लामी कट्टरपंथी का जिन्न बोतल से बाहर आ गया है जो धीरे-धीरे पूरे समाज को धर्माधता की ओर धकेल देगा। सबसे भयावह स्थिति यह हो सकती है कि बंगाली संस्कृति वाला यह देश नया अफगानिस्तान या सीरिया न बन जाए।उम्मीद की जानी चाहिए कि बांग्लादेश का मौन बहुमत धीरे-धीरे अपनी आवाज बुलंद करने लगे। कुछ महीने पूर्व यहां लाखों लोगों ने 'आमार सोनार बांग्ला' का सामूहिक रूप से गायन किया था। शेख हसीना के यह संदेश से उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह भरेगा। सबको इस दिन का इतंजार है जब बांग्लादेश लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की राह पर लौटेगा।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बांसुरी स्वराज नई दिल्ली में एक राष्ट्र एक चुनाव पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक के लिए संसद भवन पहुंचीं। उनके हाथ में एक बैग था, जिस पर नेशनल हेराल्ड की लूट लिखा था।

# जैसे को तैसा जवाब देने का इरादा

**हरिशंकर व्यास**

भारत गजब की मायावी विश्वगुरूता में है! गुजरे सप्ताह पूरी दुनिया में डोनाल्ड ट्रंप से उथलपुथल हुई। सभी देश ट्रंप प्रशासन से बेइज्जत हुए। ट्रंप ने बड़ी इकॉनोमी में चीन के बाद भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगा उसे नंबर दो पर रखा। मगर हममें इसकी कोई प्रतिक्रिया, कोई विचार नहीं हुआ।

इस खामोख्याली में रहे कि ट्रंप ने हमें उतना नहीं मारा जितना चीन को और उसके साथ विएतनाम, कंपूचिया को मारा! हमें औकात दिखाई बावजूद इसके हम गौरवान्वित थे! चीन ने बतौर रियल महाशक्ति के अमेरिका से कहां- 'हम चुनौती के आगे झुकने वाले नहीं! हम आखिर तक लड़ेंगे।' और वैश्विक वित्तिय हल्कों में अफवाह है कि अमेरिकी ट्रेजरी के दीर्घकालीन बांड्स की बाजार में धड़ाधड़ बिक्री (कोई 29 ट्रिलियन डालर के) हुई तो ट्रंप के हाथ पांव फूले।

उन्होने चीन को छोड़ सभी देशों पर लगे टैरिफ को 9 जुलाई तक टाला। सोचे, कौन झुका, कौन घबराया? डोनाल्ड़ ट्रंप। चीन में इतना सोचना-विचारना, हिम्मत और दीर्घकालीन तैयारी है जिससे वह हर तरह की तैयारी में है। वैश्विक वित्तिय बाजार में निवेश का सर्वाधिक सुरक्षित-खरा औजार अमेरिकी ट्रेजरी के बांड्स माने जाते है। और ये सर्वाधिक किसके पास है? जापान नंबर एक पर है और उसके बाद चीन के पास 761 बिलियन डालर के अमेरिकी बांड्स है। यदि चीन अकेले अमेरिकी बांड्स में बेचने शुरू करे व जापान भी इसी रास्ते पर चल पड़े तो अमेरिका की वित्तिय ताकत कुछ ही घंटों में राख में बदल जाएगी।

तभी ट्रंप के हाथ-पांव फूले। चीन को अपना दुश्मन चिंहित कर बाकि देशों पर अतिरिक्त टैरिफ रोका। कहते है जापान ने भी कुछ अमेरिकी बांड्स निकाले। उधर योरोपीय संघ के 27 देशों में से 26 देशों ने अमेरिका के खिलाफ टैरिफ की तैयारियों पर सहमति दी। कनाड़ा और मेक्सिकों ने बदले के कदम उठाए। पूरी तरह निर्यात पर टिके दक्षिण



कोरिया, विएतनाम, कंपूचिया ने अपने प्रतिनिधी वाशिगंटन दौड़ा कर देश के व्यापार को बचाने की कोशिशे की।

और भारत ने क्या किया? कुछ नहीं! मानों हम न तीन में और न पांच में। ठिक भी बात है। विश्व व्यापार में भारत का कुल हिस्सा सिर्फ 2.4 प्रतिशत है। मगर गडबड यह है कि अमेरिका ही सबसे बड़ा वह देश है जिसे हम बेचते ज्यादा है और खरीदते कम है। हमें लाभ अमेरिका से ही है। इसलिए ट्रंप की चिढ़ है कि भारत जैसे देश से भी हम घाटे में है।

तभी ट्रंप ने नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान दबाव बना कर बजट से अमेरिकी उत्पादनों पर डूयटी घटवाई। फिर भी 26 प्रतिशत टैरिफ लगाए। मगर भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यह रूख था कि बात करेंगे। हम कर ही क्या सकते है! भारत ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वह भी जैसे को तैसा जवाब देने का इरादा रखता है।

इसलिए तय माने डोनाल्ड़ ट्रंप भारत से कोई रियायत नहीं करेंगे। जुलाई में 26 फिसदी टैरिफ के अलावा वे भारत के फार्मास्यूटिकल सेक्टर की अलग कमर तोड़ेंगे। सो विदेश व्यापार की वास्तविकता से भी पता चलता है कि भारत न अपने बाजार में चीन की आर्थिक लूट को रोकने के विचार में समर्थ है और न अमेरिका या विश्व व्यापार में कोई ठोस, बराबरी का रिश्ता बना सकने का रोडमैप है।

इसलिए कि इस सबके लिए सोच-विचार का दिमाग है कहां? बस, एक ही इलहाम, एक ही ख्याल है कि हम विश्वगुरू! सोचे, पिछले दस वर्षों में दुनिया की बड़ी घटनाओं, विकास और ट्रेंड में क्या-क्या है? ट्रंप के व्यापार युद्ध से पहले, इजराइल-हमास युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध है। चीन ने भारत की सीमा पर दादागिरी दिखाई। पता नहीं भारत का कितना इलाका कब्जाया। अफगानिस्तान में तालिबानी वर्चस्वता बनी। दक्षिण एसिया के हर देश में चीन का दबदबा फैला। भारत में भी जलवायु परिवर्तन और मौसम की जानलेवा मार का ट्रेंड है। वैश्विक पैमाने पर आर्टिफिशियल बुद्धीमत्ता की छलांगे, स्पेस दौड़, मेटावर्स-एआरवीआर, क्रिप्टोकरेंसी में क्या-क्या नहीं होता हुआ है!

जबकि भारत की थिंकिंग, नैरेटिव, प्राथमिकता क्या है? हमें फ्री बांटने, रैवडियों की व्यवस्था बनानी है। हमें धर्म और जाति से चुनाव जीतना है। हमारी भीड़ हमारी ताकत है। भीड़ की भक्ति, भोंडापन देश का विकास है। हिंदू-मुस्लिम की मुर्गा लड़ाई हमारे राष्टीय एकीकरण और राष्ट्र निर्माण का रास्ता है। डोनाल्ड़ ट्रंप ने 'अमेरिका फर्स्ट' के फितूर में सभी देशों को इस सोच-विचार के लिए मजबूर किया कि तब हमारा क्या?

हम कैसे अपने आपको बदले? क्या नया सोचे? विश्व की तमाम तरह की व्यवस्थाओं के सिनेरियों में ब्रिटेन, योरोपीय संघ, जापान, चीन, आस्ट्रेलिया आदि लगभग सभी देशों ने अपने आप पर विचार, पुर्नविचार किया है, कर रहे है। वही भारत में इस सप्ताह वक्फ बोर्ड बिल, कांग्रेस अधिवेशन में पिछड़ों के आरक्षण, सीपीआईएम के अधिवेशन में 'धर्म' की चिंता और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक मुख्यमंत्री स्टालिन को नसीहत थी कि तमिल में दस्तखत तो कर दिखाएं!

# व्यवस्थापिका और न्यायपालिका आमने सामने, संविधान की अनुच्छेद 368 पर मतभेद

**अजय दीक्षित**

तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि द्वारा तमिलनाडु सरकार द्वारा पेश और विधानसभा द्वारा पारित 10 बिलों को स्वीकृत करने में देरी को लेकर हफ्ते भर पहले सरकार की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल को कड़ी फटकार लगाई और सभी लंबित बिलों को खुद ही स्वीकृत कर दिया। इस याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राज्यपालों को लपेटे में लेकर कहा उन्हें किसी पार्टी विशेष के लिए कार्य नहीं करना चाहिए।दूसरा उदाहरण वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी याचिका में सुनवाई कर दो अंतरिम आदेश दिए।इन दोनों घटनाओं से लुटियन्स में बबाल आ गया है।इसे व्यवस्थापिका और न्यायपालिका में भीषण टकराव के रूप में देखा जा रहा है।

सबसे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय संसद से पारित ओर राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद कानून में बदलाव नहीं कर सकती न ही रोक सकती । अब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सर्वोच्च न्यायालय को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि संविधान की अनुच्छेद 368 संसद को कोई भी कानून बनाने का अधिकार देती है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोपरि है। दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय की जू भी नहीं रेंग रही है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने तो जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से बरामद अद जले नोटो के मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराने वाला मामला भी उठाया।

सीजेआई संजीव खन्ना 13 मई 26 को रिटायर हो रहे हैं और वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक की सुनवाई 05 मई को है ।

ऐसे में अगर कोई आदेश वक्फ संशोधन विधेयक याचिका में पारित हुआ तो केंद्रीय सरकार की किरकिरी होना तय है।

केशवानंद भारती विरुद्ध केरल सरकार 1973 में सर्वोच्च न्यायालय की 13 जजों वाली संविधान पीठ ने 7-6 के बहुमत से आदेश जारी किया था कि संसद कानून बना सकती है, संशोधन कर सकती है लेकिन मौलिक अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन नहीं होना चाहिए।भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था में व्यवस्थापिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका तीन अंग हैं

व्यवस्थापिका के मुखिया राष्ट्रपति है ,जबकि न्यायपालिका के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और प्रधानमंत्री कार्यपालिका के प्रमुख हैं।तीनों संस्थानों के अलग अलग कार्य हैं जिनमें कार्यपालिका व्यवस्थापिका के प्रति ज़बाब देय है। न्यायपालिका स्वतंत्र है। आजादी के बाद 26/01/1950 को संविधान बना और भारत गणराज्य बना। लेकिन जब तब व्यवस्था और ज्यूडिशियल की अप्रत्यक्ष लड़ाई विभिन्न मुद्दों पर देखने को मिलती है।

# पिछले सात दशकों में 40गुना से अधिक बढ़ गया कीटनाशकों का उपयोग


**मुकेश तिवारी**

वर्तमान में दुनिया भर में अनाज, फलों सब्जियों को कीट-पतंगों से बचाने के लिए खेतों में तमाम तरह के रासायनिक कीटनाशकों का छिड़काव बिना किसी हिचकिचाहट के धड़ल्ले से किया जा रहा है। हमारा मुल्क भी इसमें पीछे नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक कीटनाशक निर्माणकर्ता कंपनी मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए उच्च खतरों को उत्पन्न करने वाले रसायनों से हर साल अरबों रुपए का मुनाफा कमा रही है। वहीं इसके अत्यधिक उपयोग से मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को काफी क्षति पहुंच रही है।

वर्तमान समय में आधुनिक खेती के लिए कीटनाशक दवाएं जरूर बन चुकी है ।गौर करने लायक बात किया है कि इससे होने वाले फायदे से ज्यादा अब क्षति हो रही है। ग्रीन पीस ब्रिटेन द्वारा घोषित बैश्वक संस्था अनअथर्ड और स्विस एनजीओ पब्लिक आई के विश्लेषण में बेहद चौंकाने वाली बातें निकलकर सामने आई है। हिंदुस्तान सहित दुनिया के 43 देश में हुए इस अध्ययन के अनुसार खतरनाक कीटनाशक विकसित देशों के मुकाबले मुक विकासशील और निर्धन देशों को ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं। हिंदुस्तान में 59 प्रतिशत खतरनाक कीटनाशकों का उपयोग किया जा रहा है वहीं ब्रिटेन में यह मात्र 11 फ़ीसदी है। कीटनाशक निर्माणकर्ता कंपनियां मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए हानिकारक रसायनों से हर साल अरबों डालर कमाती है। अत्यधिक खतरनाक कीटनाशकों का बिक्री अनुपात साधन-संपन्न देशों की तुलना में निर्धन देशों में अधिक पाया गया।

कीटनाशक निर्माणकर्ता कंपनियां अपने मुनाफे को कभी भी सार्वजनिक नहीं करती है।

पांच बड़ी कंपनियों द्वारा बिक्री किए जाने वाले कुल कीटनाशक का एक चौथाई मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से हानिकारक है । इसमें कैंसर जन्य तत्व शामिल थे ,जबकि 10 फीसदी कीटनाशकों के विषैले तत्व मधुमक्खियों द्वारा लाए गए थे। इसके अतिरिक्त विश्लेषण में पाया कि 5 फीसदी बिक्री रसायनों की थी जो कि मानव के लिए हानिकारक होते हैं । विश्व में हर साल तकरीबन 2 लाख आत्महत्याओं को कीटनाशक विषाक्त के लिए कसूरबार ठहराया जाता है। इनमें से तकरीबन सभी विकासशील देशों में है । विश्लेषण के मुताबिक साधन संपन्न देशों में एचएचपी की बिक्री का औसत अनुपात निम्न और मध्यम आय वाले देशों में 45वीं साड़ी की तुलना में 27 फीसदी था, जबकि दक्षिण अफ्रीका में यह 65 प्रतिशत फीसदी तक पहुंच गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र खाध और कृषि संगठन द्वारा कीटनाशक प्रबंधन के वैश्विक सर्वेक्षण में पाया गया कि गंभीर रूप से विभिन्न कमियां हैं। पर्यावरण और मानवों पर हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए देशों को कठोर नियम बनाने चाहिए। इन्सानी जिंदगी के लिए खतरनाक पदार्थों और मानवाधिकारो पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि कंपनियों द्वारा एच एच पी के माध्यम से आम अर्जित करना अनुचित है।इन उत्पादों का निरंतर उपयोग किया जा रहा है।




मेष राशि- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। जिन लोगों की संगत में आप नकारात्मक बन रहे हैं, फिलहाल उन लोगों से दूरियां बनाने का विचार करेंगे।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता मिल सकता है। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित समस्या दूर होगी।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज अपनी इच्छाशक्ति के बल पर योजनाओं पर काम कर पाएंगे। आज आपको अपने इगो पर नियंत्रण रखना होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और खुद को सुधारें।

कर्क राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज गलत विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज क्रोध को नियंत्रित करने की कोशिश करें। स्वभाव की नकारात्मक बातों को सुधारने की कोशिश करें।

सिंह राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। आज आपके काम पर अंतिम परिणाम निर्भर करेगा।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहाँ आपके अन्य दोस्त भी होंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेकार की उलझन लेने की जरूरत नहीं है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आज किसी भी व्यक्ति के लिए प्रतिशोध की भावना न रखें। जैसी आपकी सोच रहेगी, वैसे ही अनुभव मिलेंगे।

धनु राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब में कार्यरत लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं, जहां आप तोल मोलकर बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे। जीवन में संतुलन बनाए रखेंगे और कुछ बातों में बदलाव होने में समय लगेगा। आज किसी भी काम को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने पद और आय को बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन में खुशियों की प्राप्ति होगी।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। पहले किये किसी निवेश का आज आपको अच्छा लाभ मिलेगा, अच्छा लाभ मिलने से आपके प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आज आप किसी से अपने मन की बातों को शेयर करोगे और वह आपकी बातों की अहमियत देगा। परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मान रखेंगे।

मीन राशि-आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगाएंगे, जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। परिवार के लोग आपके काम में सहयोग करेंगे। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करेंगे। आज दूसरों के विचारों का असर आप के निर्णय पर न हो, इस बात का ध्यान रखें।

( विश्व पुस्तक दिवस पर विशेष )

# पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो,उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंत:करण को उज्जवल करती हैं।मनुष्य के जीवन में अध्ययन जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक मनन और चिंतन भी है।पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। केवल पुस्तक पढ़ना ही संपूर्ण मानवीय उद्देश्य ना होकर उससे प्राप्त ज्ञानामृत का मनन एवं चिंतन भी अत्यंत आवश्यक है। किसी भी पुस्तक का अध्ययन मनन एवं उस पर चिंतन मनुष्य के संस्कारों को परिष्कृत करता है एवं जीवन के उच्च आदर्शों को प्राप्त करने में सदैव सहायक सिद्ध होता है। अत: मनुष्य को सदैव निरंतर ज्ञानवर्धक पुस्तकों से न सिर्फ ज्ञान प्राप्त करना चाहिए अपितु उसका निरंतर मनन तथा चिंतन भी करना होगा तब जाकर हमारे संस्कार,संस्कृति एवं जीवन के उद्देश्य सफल होंगे। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंत:करण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक,




सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं। प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। पंचतंत्र तथा हितोपदेश इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है। अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है। पुस्तकों के महत्व को देखते हुए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि पुस्तके वह साधन है जिसके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृति एवं समाज के बीच सेतु का निर्माण कर सकते हैं। पुस्तके वह मित्र होती हैं जो हर परिस्थिति तत्काल में सहायक होती है, और यही कारण है कि अनेक लोग गुरुवाणी, हनुमान चालीसा अभी अपने पास रखते हैं।

वर्तमान युग डिजिटल युग कहलाता है अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रिंट मीडिया के स्थान पर अपने पैर जमा लिए हैं। इस डिजिटल युग में इंटरनेट का महत्व काफी बढ़ गया है। पहले हम बचपन में चंदा मामा, नंदन, बालभारती और अन्य किताबों से ज्ञान से लेकर मनोरंजन तक प्राप्त करते थे। आज इंटरनेट के बढ़ते बाजार की दिशा में युवक पुस्तकों को विभिन्न साइटों मैं खंगाल कर पढ़ लेते हैं। अब डिजिटल किताबें भी आ गई है साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी भी धीरे-धीरे विकसित हो रही है। पर कई कंपनियां विविध किताबों को साइट पर प्रकाशित कर बच्चों के पढ़ने के लिए उपलब्ध करा रही हैं। इससे बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ कर लाभान्वित हो रहे हैं। इस दिशा में भारत सरकार तथा राज्य सरकारों द्वारा डिजिटल कार्यक्रमों के अंतर्गत ई शिक्षा तथा ई पुस्तकों के पुस्तकालयों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही पठन सामग्रियां बच्चों की जिज्ञासा को शांत करने का काम कर रही है। डिजिटल किताबों तथा पुस्तकालयों से यह लाभ है कि देश विदेश में किसी भी भाग में रहकर लोग अपनी इच्छा के अनुसार पुस्तकों पत्रिकाओं आदि को पढ़ सकते हैं। इंटरनेट अब अध्ययन का सुलभ साधन बन गया है। पर दूसरी तरफ इससे कुछ नुकसान भी हो रहे हैं, उचित मार्गदर्शन वाली किताबें न पढ़कर भ्रामक पुस्तकों का अध्ययन कर अपने को दिग्भ्रमित कर रहे हैं और इससे बच्चों का भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। इसके लिए छोटे बच्चों को अपनी निगरानी में इंटरनेट से किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना अन्यथा दिगभ्रमित साहित्य बच्चों की मानसिकता पर विकृत प्रभाव डाल सकता है।

इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि पुस्तकें ज्ञान देने के साथ मार्गदर्शन तथा चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन है।



# दिल्ली में भीषण गर्मी और बिजली कटौती पर आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता पर साधा निशाना



नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में बढ़ती गर्मी और लगातार हो रही बिजली कटौती से लोग बेहद परेशान हैं। दिल्ली में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, और इस भीषण गर्मी के बीच कई इलाकों में रात के समय घंटों तक बिजली गुल रही। इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से सवाल किए हैं। आतिशी ने कहा कि राजधानी के अलग-अलग हिस्सों में लंबे-लंबे पावरकट लगे हैं, जिससे लोग बेहद मुश्किल में हैं। लेकिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का दावा है कि दिल्ली में कहीं कोई बिजली कटौती नहीं हो रही और लोग खुद कैंडल लाइट डिनर करने के लिए अपनी लाइटें बंद कर रहे हैं।आतिशी ने सवाल किया, क्या सोशल मीडिया पर सभी दिल्लीवासी झूठ बोल रहे हैं? क्या सभी ने कैंडल लाइट डिनर करने के लिए अपनी लाइटें बंद कर मोमबत्तियां जला ली हैं?उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को दिल्लीवासियों का मजाक उड़ाने के बजाय बिजली समस्या का समाधान करना चाहिए। आतिशी ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में बताया कि कैसे उन्हें देर रात तक अलग-अलग इलाकों से बिजली कटौती की शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने बताया कि भजनपुरा में रात 11:05 बजे बिजली गुल होने की शिकायत, संगम विहार (सी-ब्लॉक) में रात 12:44 बजे बिजली न होने की जानकारी, कमला नगर में रात 1:51 बजे एक घंटे से ज्यादा की बिजली कटौती, जीवन पार्क, उत्तम नगर में रात 1:52 बजे एक घंटे से ज्यादा बिजली गुल, सेक्टर 2, द्वारका में रात 1:53 बजे से दो घंटे से ज्यादा बिजली नहीं, सोनिया विहार में सुबह 4:16 बजे से लगातार बिजली नहीं, भोगल में सुबह 4:26 बजे से एक घंटे से ज्यादा की बिजली कटौती।

## तरनतारन पुलिस की बड़ी कार्रवाई : ड्रग और हथियार तस्करों के गिरोह का भंडाफोड़

तरनतारन (आरएनएस)। पंजाब के तरनतारन में पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ड्रग और हथियार तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ड्रोन के जरिए सीमा पार से तस्करी करने वाले गिरोह के चार प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने 7 किलो अफीम, तीन अवैध अत्याधुनिक हथियार, कई जिंदा कारतूस, एक लाख रुपये की ड्रग मनी और दो मोटरसाइकिल जब्त की। पुलिस को मिली खुफिया जानकारी के आधार पर तरनतारन में एक चेकपॉइंट बनाया गया था, जहां सीआईए स्टाफ ने दो संदिग्धों को रुकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने पुलिस पर गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी। दोनों संदिग्धों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान दो अन्य आरोपी भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें भी दबोच लिया। एसपी (डिटेक्टिव) अजय राज ने बताया कि यह गिरोह ड्रोन के जरिए भारत-पाकिस्तान सीमा के रास्ते ड्रग्स और हथियारों की तस्करी करता था। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी इस अंतरराज्यीय नेटवर्क के अहम सदस्य हैं।



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की.

## यूपी के बुलंदशहर में एक कार ने चार को कुचला, एक की मौत, तीन भर्ती

बुलंदशहर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के सुनहरा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। एक दबंग ने थार गाड़ी से चार लोगों को कुचल दिया है, जिसमें एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि तीन अन्य घायल हैं। एसपी सिटी बुलंदशहर के शंकर प्रसाद ने बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम सुनहरा में दो पक्षों के विवाद के बीच एक पक्ष की गाड़ी के नीचे एक महिला आ गई, जिसकी मृत्यु हो गई है। जबकि चार अन्य घायल हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में तहरीर प्राप्त कर ली गई है। इस मामले में एससी एसटी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस मामले में छह लोग नामजद हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। गांव के हालात सामान्य हैं। पुलिस मौके पर लगाई गई है। ग्रामीण वासियों ने बताया कि तेज रफ्तार में कुछ लोग गाड़ी भगा रहे थे, जिसका विरोध किया गया, लेकिन वे माने नहीं और नाराज होकर इन चार लोगों पर थार गाड़ी चढ़ा दी।




केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान हरियाणा के करनाल में आईसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के 21वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए.

## मुंबई में महिला की गला रेतकर हत्या, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

मुंबई, (आरएनएस)। मुंबई के विक्रोली इलाके में एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई है। विक्रोली पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।मुंबई पुलिस के अनुसार, मृतक महिला की पहचान सुमन (36) के रूप में हुई है। वह अपने पति के साथ विक्रोली ईस्ट इलाके में रहती थी। हत्या का खुलासा तब हुआ जब महिला का पति रात की ड्यूटी करने के बाद मंगलवार तड़के लगभग 5:30 बजे घर लौटा। उसने घर में अपनी पत्नी को खून से लथपथ पड़ा पाया। इसके बाद उसने हत्या की सूचना तुरंत मुंबई पुलिस के मुख्य नियंत्रण कक्ष को कॉल करके दी। सूचना पाकर विक्रोली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। आरोपी की तलाश के लिए डॉग स्क्वाड, फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ और फोरेंसिक लैब की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण और आरोपी की पहचान अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। विक्रोली पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है।

## विश्व पृथ्वी दिवस : नेताओं ने दी शुभकामनाएं, धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प

नई दिल्ली (आरएनएस)। हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद पर्यावरण संरक्षण की तरफ ध्यान खींचना है। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नेताओं ने पर्यावरण संरक्षण और धरती को स्वच्छ व हरा-भरा बनाने का संकल्प दोहराया। केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और अन्य नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के माध्यम से विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं दीं और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी के लिए प्रेरित किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, विश्व पृथ्वी दिवस पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। पृथ्वी जीवन को पोषित करती है और हमारे विकास के लिए आवश्यक पारिस्थितिकी तंत्र का पोषण करती है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम पृथ्वी के स्वास्थ्य की रक्षा और संवर्धन के लिए अत्यंत सावधानी से परोपकार करें। मोदी सरकार सतत विकास के लिए वैश्विक पहलों को आगे बढ़ा रही है, और अटूट प्रतिबद्धता के साथ इस उद्देश्य की पूर्ति कर रही है। मैं उन संरक्षणवादियों की भी सराहना करता हूं जो हमारे ग्रह को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर लिखा, इस पृथ्वी दिवस पर, आइए हम उस ग्रह की रक्षा करने की अपनी प्रतिज्ञा को फिर से दोहराएं करें जो हमें पोषित करता है। हर छोटा-मोटा काम मायने रखता है। पेड़ लगाने से लेकर पानी बचाने तक। साथ मिलकर, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरी भरी, स्वच्छ और अधिक टिकाऊ दुनिया बना सकते हैं। पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं, बेहतर कल के लिए आज ही काम करें!केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'एक्स' पर लिखा, ।। माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।। 'विश्व पृथ्वी दिवस' पर सभी नागरिकों व प्रकृति प्रेमियों को हार्दिक शुभकामनाएं! आइए, इस अवसर पर हम सब अपनी धरती को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने का संकल्प लें।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने परिवार संग देखा जयपुर का आमेर किला, राजस्थानी संस्कृति का लिया आनंद

जयपुर (आरएनएस)।अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपनी पत्नी उषा वेंस और तीन बच्चों के साथ मंगलवार सुबह आमेर के किले का दौरा किया। चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत आए जेडी वेंस परिवार सहित देर रात जयपुर पहुंचे। वह अपने परिवार के साथ ऐतिहासिक रामबाग पैलेस में ठहरे हैं। सुरक्षा कारणों से आमेर किले को पहले ही खाली करा लिया गया और पर्यटकों का प्रवेश बंद कर दिया गया। वेंस और उनका परिवार हाठी स्टैंड से खुले जीप में किले पहुंचे। रास्ते में उन्होंने किले की बाहरी वास्तुकला, मावठा सरोवर और केसर क्यारी बाग देखा।जालेब चौक में दो हथनियों, 'पुष्पा' और 'चंदा' ने पारंपरिक राजस्थानी गहनों और परिधानों में सजकर वेंस परिवार का स्वागत किया। पुष्पा ने वेंस को आशीर्वाद दिया, जबकि चंदा ने उनके गले में फूलों की माला डाली।महावत बल्लू खान ने बताया कि दोनों हथनियों को 350 साल पुराने गहनों जैसे हार और पायल से सजाया गया था। राजस्थानी लोक कलाकारों ने वेंस के स्वागत में परफॉर्मेंस दी। इसके बाद एक गाइड ने वेंस और उनके परिवार को किले का भ्रमण कराया।

## बड़ी वारदात : यात्रियों से भरी बस पर अंधाधुंध फायरिंग, ड्राइवर की मौत; लोगों ने कूदकर बचाई जान

पटना (आरएनएस)। पटना के जीरो माइल पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब यात्रियों से भरी एक बस पर तीन अपराधियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में बस चालक दुष्यंत मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई। हमले के बाद दहशत में आए यात्री बस से कूदकर भाग खड़े हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस नीतू राज सर्विसेज की थी और बेतिया जाने के लिए स्टैंड से निकली थी। जीरो माइल पर ट्रैफिक के कारण बस धीमी रफ्तार से चल रही थी। इसी दौरान तीन हमलावरों ने फायरिंग शुरू कर दी। कई यात्रियों ने सिर झुकाकर और बस की फर्श पर लेटकर जान बचाई। फायरिंग लगभग डेढ़ मिनट तक चली।



हमलावरों के फरार होते ही सड़क पर अफरा-तफरी मच गई, जिसका फायदा उठाकर वे आसानी से भाग निकले। पुलिस ने मौके से छह खोखे बरामद किए हैं।घटना की सूचना मिलते ही एसपी डॉ. के. रामदास और एसडीपीओ-2 सत्यकाम दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए एनएमसीएच भेजा गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह हमला रंगदारी से जुड़ा हो सकता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बस स्टैंड में दो कुख्यात अपराधियों का दबदबा है, जो फिलहाल बेउर जेल में बंद हैं। आशंका जताई जा रही है कि बस मालिकों से रंगदारी मांगी गई थी, और विरोध करने पर यह हमला किया गया। फिलहाल पुलिस बस मालिक, कंडक्टर और मैनेजर से पूछताछ कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## इस मशहूर एक्टर के घर गूंजी किलकारी, सोशल मीडिया पर पोस्ट की बेबी गर्ल के हाथों की फोटो

चेन्नई,(आरएनएस)। साउथ के मशहूर एक्टर और निर्माता विष्णु विशाल के घर किलकारी गूंजी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया 'एक्स' अकाउंट के जरिए बताया कि उनकी पत्नी ज्वाला गुट्टा ने बेटी को जन्म दिया है। 'एक्स' पोस्ट में विष्णु विशाल ने अपनी पत्नी और बेबी गर्ल के हाथों में हाथ डाले हुए एक तस्वीर पोस्ट की। इसके अलावा उन्होंने एक और तस्वीर शेयर की, जिसमें उनका बेटा बेबी गर्ल की ओर एक बड़ी मुस्कुराहट के साथ देख रहा है।

इन सब में खास बात यह है कि बेबी का जन्म एक्टर की चौथी शादी की सालगिरह पर हुआ है। एक्टर ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, हमारी बेटी हुई है। आर्यन अब बड़ा भाई हैज आज हमारी शादी की चौथी सालगिरह है और इस खास दिन पर हमें भगवान से खास तोहफा मिला है। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है।

बता दें कि विष्णु विशाल की शादी पहले रजनी नटराज से 2011 में हुई थी। 2017 में उनके बेटे आर्यन का जन्म हुआ और 2018 में दोनों ने तलाक लेने का फैसला किया। इसके बाद एक्टर ने 22 अप्रैल, 2021 को हैदराबाद में बैडमिंटन स्टार ज्वाला गुट्टा से शादी की।

## रामबन बाढ़ : जम्मू-श्रीनगर हाईवे लगातार तीसरे दिन भी बंद रहा

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी बंद रहा। अधिकारियों ने कहा कि हाईवे को बहाल करने में पांच दिन और लगेंगे।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के इंजीनियरों ने बताया कि हाईवे 22 स्थानों पर क्षतिग्रस्त है और मरम्मत का काम तेजी से किया जा रहा है।

रविवार को रामबन जिले में अचानक आई बाढ़ के कारण हुए भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से अधिक लोगों को बचाया गया था। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे का लगभग 4 से 5 किलोमीटर हिस्सा पूरी तरह बह गया और मलबे के नीचे कई वाहन दब गए।

कई सौ यात्री हाईवे पर फंसे हुए हैं। अधिकारी फंसे हुए यात्रियों को आश्रय और भोजन उपलब्ध कराने के लिए आगे आए हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला राहत अभियान का व्यक्तिगत निरीक्षण करने और नुकसान का आकलन करने के लिए सोमवार को हाईवे पर काली मोड़ पहुंचे थे।

सीएम ने कहा था कि नुकसान बहुत बड़ा है, लेकिन आपदा स्थानीय स्तर पर हुई है। इसलिए इसे 'राष्ट्रीय आपदा' घोषित नहीं किया जा सकता। हालांकि, मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने आश्वासन दिया कि प्रभावित परिवारों को हर संभव राहत और सहायता प्रदान की जाएगी।

वहीं, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार से प्रभावित परिवारों के लिए राहत राशि देने का अनुरोध किया है।

इस बीच, कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर वीके बिधूड़ी ने घाटी के लोगों से फिर अपील की है कि वे घबराहट में खरीदारी न करें, क्योंकि यहां दो हफ्तों तक चलने के लिए खाद्यान्न और पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार है। लोग अपनी दैनिक जरूरत से कहीं अधिक पेट्रोल और डीजल खरीदने के लिए घाटी भर में पेट्रोल पंपों पर भीड़ लगा रहे हैं। गांदरबल जिले में एक पेट्रोल पंप के कर्मचारी ने कहा, घबराहट में की गई खरीदारी के कारण स्टॉक खत्म हो रहा है, क्योंकि हम हर दिन सामान्य से तीन गुना अधिक वाहन चालकों की भीड़ देख रहे हैं।दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले को जम्मू डिवीजन के राजौरी जिले से जोड़ने वाला मुगल रोड फिलहाल हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी) के लिए एकतरफा यातायात के लिए खुला है।जम्मू-श्रीनगर हाईवे की नाकाबंदी के कारण हवाई टिकटों की भी होड़ मच गई है, क्योंकि घाटी से बाहर जाने वाले पर्यटक और स्थानीय लोग स्थलीय यात्रा की अनिश्चितता के मुकाबले हवाई यात्रा को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## पिता को जैसे खत्म किया, वैसे ही तुझे,' बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान को मिली 'जान से मारने की धमकी




मुंबई (आरएनएस)। मुंबई पुलिस ने दिवंगत बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी देने के मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना सोमवार को सामने आई, जब जीशान को एक धमकी भरा ईमेल मिला। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।जीशान सिद्दीकी को भेजे गए ईमेल में धमकी दी गई कि उनकी हत्या उनके पिता बाबा सिद्दीकी की तरह कर दी जाएगी। ईमेल में 10 करोड़ रुपए की मांग की गई और धमकाने वाले ने कहा कि वह हर छह घंटे में ऐसे धमकी भरे ईमेल भेजेगा।इस धमकी से परेशान जीशान ने तुरंत मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी है।सूत्रों के अनुसार, यह धमकी बाबा सिद्दीकी की हत्या से जोड़कर देखी जा रही है। बाबा सिद्दीकी एक प्रमुख एनसीपी नेता और व्यवसायी थे। उनकी पिछले साल गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।इस हत्याकांड ने मुंबई में सनसनी फैला दी थी और अब उनके बेटे को मिली धमकी ने सुरक्षा चिंताओं को फिर से बढ़ा दिया है। जीशान खुद एक राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मुंबई पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। जांच के तहत पुलिस उस ईमेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है। साइबर क्राइम सेल की मदद से ईमेल के आईपी एड्रेस और अन्य डिजिटल सुरागों की जांच की जा रही है।पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या यह धमकी किसी संगठित आपराधिक गिरोह या व्यक्तिगत दुश्मनी से जुड़ी है। साथ ही जीशान और उनके परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## ईडी की बड़ी कार्रवाई : वन भूमि घोटाले से जुड़े मामले में झारखंड-बिहार में 16 ठिकानों पर रेड

रांची ,(आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को झारखंड और बिहार के विभिन्न जिलों में जमीन घोटाले मामले में बड़ी कार्रवाई की। ईडी की यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है।जांच एजेंसी ने रांची, बोकारो, रामगढ़ सहित झारखंड और बिहार के कुल 16 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। बोकारो के मौजा तेतुलिया क्षेत्र में 103 एकड़ संरक्षित वन भूमि की अवैध खरीद-फरोख्त और धोखाधड़ी से अधिग्रहण से जुड़ा मामला सामने आया है। जमीन की खरीद में फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल और सरकारी नियमों की अनदेखी की बात भी सामने आई है।रांची स्थित हरिओम टावर बिल्डिंग में स्थित राजबीर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के कार्यालय पर भी ईडी की टीम ने छापा मारा। ईडी इस मामले में तमाम कंपनियों और व्यक्तियों की भूमिका की गहराई से जांच की जा रही है। इसके साथ-साथ यह भी संभावना जताई जा रही है कि कई बड़े खुलासे हो सकते हैं।जानकारी के अनुसार, करीब 103 एकड़ वन भूमि की खरीद-बिक्री के आरोप को लेकर 2024 में बोकारो के सेक्टर-12 थाने में केस दर्ज किया गया था। जिसके बाद सीआईडी ने इसकी जांच शुरू की थी। सीआईडी की शुरुआती जांच में यह बातें स्पष्ट रूप से सामने आईं कि जमीन माफिया और बीएसएल के कर्मियों के द्वारा मिलकर जमीन की हेरा-फेरी की गई थी।

## शिप्रा गोयल का इंस्टाग्राम पर दिखता है ग्लैमर और फैशन से भरा अवतार



मशहूर सिंगर शिप्रा गोयल सिर्फ अपनी आवाज के लिए ही नहीं, बल्कि अपने ग्लैमरस अंदाज और फैशनेबल लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं. गोल्डी देसी क्रू के साथ कई हिट गाने देने वाली शिप्रा गोयल सोशल मीडिया, खासकर इंस्टाग्राम पर बेहद एक्टिव रहती हैं. वह अपने फैंस को अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की झलकियां देती रहती हैं.हाल ही में उन्होंने कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनका ग्लैमरस लुक, फैशन सेंस और आत्मविश्वास देखते ही बनता है. कभी स्पार्कली गाउन में तो कभी मॉम डॉटर ट्विनिंग मोमेंट में, शिप्रा हर लुक में गॉर्जियस नज़र आती हैं.उनके इंस्टा प्रोफाइल पर शेयर की गई इन फोटोज़ में उनका स्टाइल और एटीट्यूड फैंस को खूब पसंद आ रहा है. यही वजह है कि शिप्रा के इंस्टाग्राम पर 1.3 मिलियन से ज़्यादा फॉलोअर्स हैं और यह आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है.शिप्रा गोयल न सिर्फ एक टैलेंटेड आर्टिस्ट हैं, बल्कि वह यंग जनरेशन के लिए फैशन और फेमिनिन ग्रेस की आइकन बनती जा रही हैं. उनके फोटोज़ हर बार ये साबित करते हैं कि वह म्यूजिक और स्टाइल दोनों की क्वीन हैं.

# फिल्म कोस्टाओ का ट्रेलर: ईमानदारी का बीड़ा उठाए सिस्टम और तस्कर से लड़ते दिखे नवाजुद्दीन सिद्दीकी

*नवाजुद्दीन सिद्दीकी बॉलीवुड के मंझे हुए अभिनेताओं में शुमार हैं। वह अपना हर किरदार बड़ी शिद्दत से निभाते हैं। भले ही पिछले कुछ समय से अभिनेता की फिल्में नहीं चल रहीं, लेकिन अपने दमदार अभिनय के चलते नवाज लाइमलाइट में जरूर रहते हैं।अब उनकी एक नई फिल्म कोस्टाओ आने वाली है, जिसका कुछ दिन पहले टीजर रिलीज हुआ था। अब इस फिल्म का ट्रेलर भी दर्शकों के बीच आ गया है।*




### ट्रेलर देख लोग क्या बोले, आइए जानते हैं।

ट्रेलर में कोस्?टाओ फर्नांडिस (नवाजुद्दीन) की बहादुरी, बलिदान और सोने की तस्करी करने वाले तस्कर और भ्रष्ट सिस्टम से उसकी लड़ाई दिखाई गई है। वो हीरो, जिसके पास अडिग साहस और जो सही है, उसके लिए खड़े होने की इच्छाशक्ति है।नवाजुद्दीन एक ईमानदार कस्टम अधिकारी बने हैं, जो भारत में सोने की सबसे बड़ी तस्करी को सामने लाना चाते हैं, लेकिन इस रैकेट में अंदर के शक्तिशाली लोगों की मिलीभगत के चलते वह खुद जाल में फंस जाते हैं।फिल्म कोस्टाओ में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के अलावा प्रिया बापट भी मुख्य भूमिका में हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में किशोर कुमार, गगन देव रियार और हुसैन दलाल जैसे कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म का निर्देशन सेजल शाह ने किया है।निर्माताओं ने ट्रेलर रिलीज के साथ फिल्म की रिलीज तारीख भी बता दी है।यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर 1 मई से स्ट्रीम होगी।

### कोस्टाओ के निर्माता विनोद भानुशाली हैं।

कोस्टाओ गोवा के एक निडर कस्टम अधिकारी कोस्टाओ फर्नांडीस के प्रेरक जीवन की कहानी है, जो 1990 के दशक में अपने साहसिक मिशन के बाद भारत में सोने की तस्करी के सबसे बड़े प्रयास को विफल कर देता है।फिल्म कोस्टाओ एक बहुत ही प्रासंगिक सवाल भी उठाती है कि आपको ईमानदारी की क्या कीमत चुकानी पड़ती है। इससे पहले फिल्म रौतू का राज में भी नवाजुद्दीन ने एक अधिकारी की भूमिका निभाई थी।

फिल्म का ट्रेलर देख एक यूजर ने लिखा, इसे कहते हैं एक्टिंग नेपो किड्स। एक ने लिखा, फायर है नवाज भाई। एक लिखते हैं, पुराने अवतार में लौटे नवाजुद्दीन। अब आएगा मजा। एक कमेंट है, अगर फिल्म भी ट्रेलर जितनी शानदार हो तो मजा आ जाए। वैसे उम्मीद तो पूरी है।

### एक ने लिखा, शानदार है ट्रेलर तो।

नवाजुद्दीन के पास कोस्टाओ के अलावा अगली थ्रिलर फिल्म रात अकेली है 2 है। इसमें उनके साथ अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह नजर आएंगी।

# द भूतनी का नया गाना रंग लगा जारी, पलक तिवारी संग रोमांस करते दिखे सनी सिंह

दिग्गज अभिनेता संजय दत्त जल्द ही द भूतनी नाम की एक हॉरर कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान सिद्धांत सचदेव ने संभाली है।मौनी रॉय भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। पलक तिवारी और सनी सिंह भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए दिखाई देंगे।अब निर्माताओं ने द भूतनी का नया गाना रंग लगा जारी कर दिया है, जिसे मुकुंद सूर्यवंशी ने अपनी आवाज दी है।रंग लगा गाने में सनी, पलक और मौनी के साथ रोमांस करते नजर आ रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री को लोग काफी पसंद कर रहे हैं।यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। पहले यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। बॉक्स ऑफिस पर द भूतनी का सामना अजय देवगन, वाणी कपूर और रितेश देशमुख जैसे सितारों से सजी फिल्म रेड 2 से होगा।




## केसरी चैप्टर 2 बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 3: केसरी 2 ने मचाया धमाल, तीसरे दिन हुई 12.25 करोड़ की कमाई



काफी समय से अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म केसरी: चैप्टर 2 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म बीते 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।इस फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शकों ने भी फिल्म कहानी को काफी सराहा।भले ही फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत काफी धीमी रही हो, लेकिन वीकेंड पर इसने खूब नोट छापे।आइए जानें केसरी 2 ने तीसरे दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 12.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया,

## होली 2026 पर होगा धमाका, रानी मुखर्जी की मर्दानी 3 की रिलीज डेट का एलान, 27 फरवरी को दुश्मनों से भिड़ेगी शिवानी रॉय

बॉलीवुड की बबली रानी मुखर्जी स्टारर फिल्म मर्दानी 3 की रिलीज डेट का एलान कर दिया गया है. रानी के होम प्रोडक्शन यशराज फिल्म्स बैनर तले बनी फिल्म मर्दानी 3 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा. बीती 13 दिसंबर 2025 को फिल्म रिलीज ईयर का एलान किया गया था और आज फिल्म की रिलीज डेट सामने आई गई है. इसी के साथ फिल्म से रानी का एक पोस्टर भी सामने आया है. इस पोस्टर में रानी गन ताने खड़ी हैं.बीते साल दिसंबर में मर्दानी 2 के पांच साल पूरे होने के मौके पर फिल्म मर्दानी 3 के रिलीज ईयर का एलान किया गया था. वहीं, साल 2024 में मर्दानी (पार्ट 1) ने अपने 10 साल पूरे किए थे. फिल्म का पहला भाग 22 अगस्त 2014 में रिलीज हुआ था. मर्दानी रानी की हिट फिल्मों में शुमार हैं. मर्दानी 2 साल 2019 में रिलीज हुई थी. अब मर्दानी 3 होली 2026 के मौके पर 27 फरवरी (2026) को रिलीज होने जा रही है. यानि अगली होली पर रानी की मर्दानी 3 बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका करने जा रही है. यशराज फिल्म्स ने अपने पोस्ट में लिखा है, मर्दानी 3 का काउंटडाउन शुरू, शिवानी शिवाजी रॉय होली पर दुश्मनों से लड़ेंगी.

# माएरी में गुस्सैल लड़की की भूमिका में नजर आएंगी अपूर्वा अरोड़ा, बताया कैसा रहा अनुभव



अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा शॉर्ट फिल्म 'माएरी' में एक गुस्सैल लड़की की भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म मां-बेटी के रिश्तों के संदर्भ को दिखाती है। अपूर्वा ने बताया कि माएरी में खास क्या है?

फिल्म में अपूर्वा के साथ सोनाली सचदेव भी हैं, जो अपूर्वा की मां की भूमिका निभा रही हैं। दोनों ने 'फैमिली आज कल' में के साथ ही पहले भी कई बार स्क्रीन शेयर की हैं। यह उनका तीसरा सहयोग होगा।

अपूर्वा ने अपनी सह-कलाकार की प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि सचदेव उन्हें वास्तविक जीवन में मां जैसी लगती हैं।


प्रोजेक्ट के बारे में अपूर्वा ने बताया, माएरी एक सम्मोहक कहानी है। फिल्म में मेरा किरदार एक गुस्सैल, शरारती लड़की का है, लेकिन जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है, आपको समझ में आता है कि वह गुस्सा कहां से आता है। यह पीढ़ियों से चली आ रही भावनात्मक बोझ की झलक है।

उन्होंने आगे बताया, फिल्म की कहानी में दिखेगा कि कैसे हम, बेटियों के रूप में अपनी माताओं द्वारा की गई गलतियों को दोहराने की कोशिश नहीं करते हैं और वे भी चाहती हैं कि हम बेहतर करें। लेकिन अपने तरीके से। यही विरोधाभास कहानी को वास्तविक और मार्मिक बनाती है।

अभिनेत्री ने बताया कि सोनाली के साथ काम करना उनके लिए एक आशीर्वाद की तरह है। उन्होंने कहा, यह हमारा साथ में तीसरा प्रोजेक्ट है, और हर बार जब हम एक मां-बेटी की जोड़ी का किरदार निभाते हैं, तो अलग ही अनुभव होता है। यह कभी भी एक जैसा नहीं होता है और यही बात इसे रचनात्मक रूप से और भी खास बनाती है। अपूर्वा और सोनाली के बीच का रिश्ता हमारे द्वारा निभाए गए किरदारों से बहुत अलग और खास है।

उन्होंने कहा, मैं उनके साथ स्क्रीन शेयर करने, सीन्स पर चर्चा करने और उनके नजरिए से सीखने के लिए वास्तव में आभारी हूं। इसने मुझे एक एक्टर के रूप में आगे बढ़ने में मदद की है।

# बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल की जाट की पकड़ बरकरार, 11वें दिन कमाए इतने करोड़ रुपये



सनी देओल इन दिनों फिल्म जाट को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म बीते 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन कर रही है।फिल्म देखने के लिए टिकट खिड़की पर दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है, जिसका असर इसकी कमाई पर भी दिख रहा है। वीकेंड पर फिल्म के कारोबार में बढ़ोतरी देखने को मिली है। आइए जानें जाट का 11वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जाट ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे रविवार को 5.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 74.55 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपये है।जाट में सनी का सामना रणदीप हुड्डा से हो रहा है। रणदीप फिल्म में विलेन बने हैं। उनकी अदाकारी की तारीफ हो रही है।साउथ के जाने-माने निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी ने जाट का निर्देशन किया है।रणदीप और सनी के अलावा विनीत कुमार सिंह ने भी इस फिल्म में अहम भूमिका निभाई है। जरीना वहाब और सैयामी खेर जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।यह एक पैन-इंडिया फिल्म है,

# बालों के झड़ने की समस्या से राहत दिला सकते हैं ये सीरम, जानिए बनाने का तरीका



आजकल बालों का झड़ना एक आम समस्या बन गई है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे तनाव, गलत खान-पान, प्रदूषण आदि।

हालांकि, बालों की देखभाल के लिए महंगे प्रोडक्ट्स की बजाय आप कुछ घरेलू सीरम का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये सीरम न केवल आपके बालों को पोषण देंगे, बल्कि उन्हें मजबूती भी प्रदान करेंगे। आइए आज हम आपको बालों की देखभाल के लिए पांच प्रभावी घरेलू सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका बताते हैं।

### एलोवेरा और जैतून का तेल

सामग्री: एक बड़ी चम्मच एलोवेरा जेल और एक छोटी चम्मच जैतून का तेल।सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में एलोवेरा जेल और जैतून का तेल मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट बाद अपने सिर को शैंपू से धो लें।लाभ: एलोवेरा स्कैल्प को हाइड्रेट करता है और बालों को मजबूत बनाता है, जबकि जैतून का तेल बालों को नमी प्रदान करता है।

### नारियल तेल और नींबू का रस

सामग्री: दो बड़ी चम्मच नारियल तेल और आधा नींबू का रस।

सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में नारियल तेल और नींबू के रस को मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 20 मिनट बाद अपने सिर को शैंपू से धो लें।लाभ: नारियल तेल बालों को गहराई से पोषण देता है और नींबू का रस स्कैल्प की सफाई करता है, जिससे बालों का झड़ना कम होता है।

### आंवला का तेल और भृंगराज का अर्क

सामग्री: एक बड़ी चम्मच आंवला का तेल और एक चम्मच भृंगराज का अर्क।सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में आंवला का तेल और भृंगराज का अर्क मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट बाद अपने सिर को शैंपू से धो लें।लाभ: आंवला का तेल बालों को घना बना सकता है, जबकि भृंगराज का अर्क बालों की जड़ों को मजबूत करता है।

### जैतून का तेल और बादाम का अर्क

सामग्री: दो बड़े चम्मच जैतून का तेल और एक चम्मच बादाम का अर्क। सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में जैतून का तेल और बादाम का अर्क मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 20 मिनट बाद अपने सिर को शैंपू से धो लें। लाभ: जैतून का तेल बालों को पोषण देता है, जबकि बादाम का अर्क बालों को मजबूती प्रदान करता है।

### सरसों का तेल और लहसुन का अर्क

सामग्री: दो बड़े चम्मच सरसों का तेल और एक चम्मच लहसुन का अर्क।सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में सरसों का तेल और लहसुन का अर्क मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट बाद सिर को शैंपू से धो लें।

लाभ: यह मेल खून के प्रवाह को बढ़ाता है, जिससे बालों का झड़ना कम होता है।

# किचन की दीवारों पर तेल और मसाले के निशान अब आसानी से करें साफ, आजमाएं ये आसान टिप्स



महिलाएं अपना ज्यादातर दिन किचन में बिताती हैं. खाना बनाते समय दीवारों पर तेल के दाग लगना आम बात है. खाना बनाने की अलग-अलग गतिविधियों की वजह से दीवारों पर तेल और गंदगी जम सकती है. ऐसे में तेल के ये दाग चाहे जितना भी रगड़ें, नहीं हटते हैं. वहीं, इन्हें साफ करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है. विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आप इन आसान टिप्स को अपनाएं, तो ऐसे समय में दाग आसानी से साफ किए जा सकते हैं.

### जानिए क्या हैं ये टिप्स...

सिरका: एक कटोरी में आधा कप सिरका और बर्तन धोने का लिक्विड लें. इसमें एक कप गर्म पानी डालें और इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में डालें. फिर इसे चिकने किचन काउंटर या गैस स्टोव पर स्प्रे करें, करीब दस मिनट तक रगड़ें और फिर पोंछकर साफ कर लें. ऐसा करने से दाग-धब्बे गायब हो जाते हैं और किचन की दीवार चमक उठती है.

रिठा का रस: बालों की सेहत के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला रीठा जूस किचन स्लैब पर लगे दाग-धब्बों को हटाने में मदद करता है. इसका इस्तेमाल इस तरह किया जाता है, जैसे एक कप रीठा जूस में एक कप बेकिंग सोडा और थोड़ा सा नींबू का रस मिलाकर पेस्ट बना लें और इसे गंदे तैलीय हिस्से पर लगाकर पांच मिनट के लिए छोड़ दें. फिर बाद में इसे कपड़े से रगड़कर धो लें. ऐसा करने से गंदगी और दाग-धब्बे हटाने में आसानी होगी. विशेषज्ञों का कहना है कि इससे मच्छर और कॉकरोच जैसे कीट भी दूर रह सकते हैं.

चाय पत्ती: एक कटोरी में दो चम्मच चाय पत्ती और एक लीटर पानी मिलाएं, फिर इसे चूल्हे पर तबतक गर्म करें, जबतक यह आधा ना हो जाए. फिर इस मिश्रण में एक चम्मच नींबू का रस और एक चौथाई कप बेकिंग सोडा मिलाएं और दाग वाले स्थान पर पर छिड़कें. अब 5 मिनट बाद इसे स्टील वूल पैड से रगड़ें और फिर धो लें। इससे दागों को हटाना आसान हो जाएगा

बेकिंग सोडा: दीवारों से तेल के दाग आसानी से हटाने के लिए बेकिंग सोडा सबसे कारगर है. इसके लिए एक चौथाई कप बेकिंग सोडा लें और उसे पानी में मिलाकर पेस्ट बना लें। फिर इस पेस्ट को तेल के दाग पर लगाएं और 20 मिनट तक सूखने दें. फिर, एक साफ कपड़े को पानी में डुबोकर उस जगह को पोंछ लें. विशेषज्ञों का कहना है कि सूखने के बाद तेल के दाग नहीं रहेंगे

नींबू का रस: रसोई के काउंटरटॉप और टाइलों से तेल के दाग हटाने में नींबू का रस बहुत कारगर होता है. इसके लिए एक छोटे कटोरे में थोड़ा सा डिशवॉशिंग लिक्विड और आधे नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिला लें. फिर इस मिश्रण में एक स्क्रबर डुबोएं और रसोई के काउंटरटॉप और दीवारों को हल्के से रगड़ें. फिर इसे एक सूती कपड़े से पोंछ लें. डिशवॉशिंग लिक्विड और नींबू के रस का मिश्रण रसोई के सिंक और टाइलों की सफाई के लिए भी अच्छा काम करता है.

# ओवर लोड ट्रालियां तेज गति से दौड़ रही हैं व्हीआईपी मार्ग पर

## -खनिज विभाग और प्रशासन के अफसर नहीं दे रहे ध्यान, हो सकता है हादसा


फाईल फोटो

नर्मदापुरम (निप्र) । शहर के व्हीआईपी कहलाने वाले मार्ग पर दिन और रात में अनेक बार ओवर लोड ट्रालियां सरेआम तेज गति से दौड़ रही हैं। इन ट्रालियों को रोक टोक करने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे इन ट्रैक्टर ट्रालियों के चालकों के होंसले बुलंद हो रहे हैं। इन ट्रालियों में भारी सामान भरा रहता है। उसके बाद भी गति तेज ही रहती है। दो तीन सप्ताह पूर्व इस व्हीआईपी मार्ग पर वेरीकेटस इसी कारण लगाए गए थे। जो एक पखवाडे तक लगे रहे। जिससे इस मार्ग पर वाईकर्स और ओवर लोड वाहनों की तेज गति पर नियंत्रण होने लगा था। लेकिन अब फिर ट्रालियां ओवर लोड चलने के साथ उनकी गति काफी तेज होती है। इन ट्रालियों से पूर्व में दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन ट्रालियों में रेत, भसुआ, ईट, सीमेंट, लोहा, मलमा सहित भवन निमार्ण सामग्री के अलावा अन्य अनेक सामग्री भरी होती हैं। सबसे ज्यादा ट्रालियां रेत की होती हैं। जिनमें से रेत सड़क पर गिरती रहती है। कोठीबाजार क्षेत्र के नागरिकों ने प्रशासन से इन ट्रालियों की जांच करने तथा इनकी गति पर नियंत्रण करने की मांग की है।

### लगे हुए हैं अनेक कैमरे

सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस मार्ग पर पुलिस विभाग के द्वारा विभिन्न स्थानों पर केमरे लगाए गए हैं। इन केमरों की जांच की जाए तो ओवर लोड ट्राली तो दिख ही सकती है। इसके साथ इनकी गति भी देखी जा सकती है। यह ट्रालियां जेल के सामने से पोस्ट आफिस होते हुए शहर में जाती हैं।

देहात थाने के सामने से जाने पर हो सकता है इन्हें रोकने की कार्रवाई की जाती हो इस कारण इन ट्रालियों के चालक चालाकी के साथ इस व्हीआईपी मार्ग से निकालते हैं। इन ट्रालियों की गति रोकने की मांग करने वालों में केशव, दिनेश, अशोक मालवीय, सुदीप गौर, अवध केवट शामिल हैं।

# फिर तमतमाए सूर्यदेव, तीखी तपन करने लगी बेहाल

नर्मदापुरम (निप्र)। बैशाख माह लगने के बाद से ही सूर्यदेव अपना तेज असर दिखा रहे हैं। इन दिनों 42 डिग्री के आसपास तापमान बना हुआ है मंगलवार के दिन सूर्यदेव का तीखा असर दोपहर के समय देखने को मिला। सुबह से ही सूर्य की किरणें तीखी गर्मी उत्पन्न कर रही थी दोपहर के समय तो ऐसा लग रहा था कि आसपास कहीं आग भभक रही हो। एक बार तेज गर्मी के बाद हुई ठंडक के बाद फिर से तेज गर्मी आने से लोग बेहाल होने लगे हैं। बीते तीन दिन से तापमान कभी एक कभी दो डिग्री बढ़ता जा रहा है। तापमान उछाल पर है। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अभी और तेज गर्मी का असर होने वाला है। क्योंकि अभी तो बैशाख माह की शुरूआत ही हुई है।

पूरा बैशाख और ज्येष्ठ तपना है। इसी तरह अभी तो पूरा मई का महिना गर्मी वाला बांकी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान 42.6पर पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम भी बढ़कर 24 दर्ज हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 24 घंटे में फिर लू का असर बढ़ने की संभावना है। यह असर लगातार जारी रहना है। वहीं बार बार बदल रहे मौसम के कारण मौसमी बीमारियां भी बढ़ने लगी हैं। शासकीय अस्तपाल के साथ ही निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है।

# पृथ्वी माता और प्रकृति माता का व नर्मदा मैया का पूजन अर्चन कर मनाया पृथ्वी दिवस



नर्मदापुरम (निप्र)। विश्व पृथ्वी दिवस पर भारत विकास परिषद नर्मदापुरम के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा दांगी नर्मदा नदी घाट पर पृथ्वी माता और प्रकृति माता का पूजन अर्चन कर नर्मदा नदी जी का भी पूजन एकी गई उसके पश्चात सभी ने पृथ्वी माता को संरक्षित करने का संकल्प लिया और उसके पश्चात सभी सदस्यों ने पक्षियों को भारी गर्मी में पानी पिलाने के लिए घाट के किनारे लगे वृक्षों पर पानी के सकोरे लटकाए जिससे कोई पक्षी पानी के कारण प्यासे नहीं रहे और परिषद के सभी सदस्यों ने पर्यावरण को हरा भरा रखने की भी शपथ ली इस कार्यक्रम में परिषद के संरक्षक डी एस दांगी अध्यक्ष वंदना शर्मा सचिव नलिन कुमार पटेल सेवा संयोजक भरत भदोरिया वित्त संयोजक अमन दुबे संयोजक महिला सहभागिता श्रीमती दुर्गा भदोरिया संयोजक संस्कार श्रीमती अमर ज्योति भदोरिया पप्पू भदोरिया चंद्रशेखर शर्मा, पवन सिंह मौर्य एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। श्री दांगी का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रम करने के पीछे लोगों में पृथ्वी माता को सुरक्षित करने के लिए अपने दायित्व व जनजागरण करने का उद्देश्य समाहित है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर निकली जागरुकता रैली




नर्मदापुरम(निप्र)। 5 एमपी बालिका बटालियन एनसी सी एवं 13 एमपी बटालियन एनसीसी के अधीनस्थ समेरिटंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांदीपनि परिसर के बालक एवं बालिकाओं ने विश्व पृथ्वी के अवसर पर एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली को संस्था की प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत ने हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया समेरिटंस समूह के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा की उपस्थिति में संस्था के मानवीय विभाग के व्याख्याता संजय लायल द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण, जल और विद्युत को बचाने हेतु तथा प्राकृतिक संपदा को बचानेए वृक्षो की कटाई रोकने के लिए एन सी सी कैडेट्स को संकल्प दिलाया। एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव ने भी पर्यावरण परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभाव को कम करने के लिए कैडेट्स को प्रोत्साहित किया। एएनओ विजय प्रकाश श्रीवास्तव, केयर टेकर स्नेहा उपाध्याय ने भी एनसीसी कैडेट्स को पृथ्वी की रक्षा करने का संकल्प दिलाया।

# विधायक डॉ शर्मा के ज्ञापन और पत्रकार वार्ता में दी चेतावनी का हुआ असर

## शहर में दूसरे ही दिन अवैध शराब और सट्टे पर कुछ हद तक हुआ नियंत्रण
## सिद्ध हुआ कि प्रशासन चाहे तो अवैध शराब और सट्टे पर लग सकती है रोक

नर्मदापुरम(निप्र)। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के द्वारा सोमवार को आईजी और एसपी को ज्ञापन देकर पत्रकार वार्ता में पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर देते समय जिले में जिस प्रकार कानून और व्यवस्थाओं के नाम पर खुलेआम माफिया राज चल रहा था। उस पर पत्रकार वार्ता के दूसरे दिन कुछ हद तक अंकुश लगता हुआ नजर आया। जिससे सिद्ध हो गया है कि पुलिस चाहे तो सट्टा और अवैध शराब पर अंकुश लगा सकती है। वर्दी धारियों की मिली भगत से अवैध शराब के साथ ही सट्टे का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। पुलिस तथा प्रशासन नाम की चीज नजर नहीं आती है। इसी कारण मुख्यालय पर खुलेआम अवैध शराब का कारोबार हो रहा है। कहने मात्र को अवैध शराब पर रोक है। पवित्र नगरी के नाम पर शहर में पांच किलोमीटर तक शराब बिक्री पर रोक का असर यह हो रहा था कि कई गुना अधिक अवैध शराब का कारोबार जमकर हो रहा था।

ऐसा लगता है कि आबकारी विभाग तथा प्रशासन ने अवैध शराब के कारोबारियों से हाथ मिला लिए हों। उसमें पुलिस भी सहभागी बन गई हो। विधायक डॉ शर्मा के द्वारा पूर्व में आबकारी विभाग को अवगत कराने पर कोई खास असर नहीं हुआ था इस कारण उन्हें आई जी और एसपी को ज्ञापन देना पड़ा। जिससे कि अपराध रूक सकें।

कितने दिन तक बंद रहेगी अवैध शराब की बिक्री ?

लोग पूछ रहे हैं कि मंगलवार को अवैध शराब की बिक्री पर कुछ हद तक रोक रही। जो शराब सड़कों पर खुलेआम बिकती थी वह चुपके चुपके बिक्री हो रही है। अवैध शराब के माफिया अपने चमचों व गुलामों के माध्यम से शराब की बिक्री कराते हैं।

### विधायक की चिंता जायज

विधायक डॉ शर्मा ने पत्रकारों से कहा था कि युवा पीढ़ी को अवैध शराब बेचने वाले बर्वाद कर रहे हैं। यह चिंतनीय विषय है। विधायक की चिंता जायज भी है क्योंकि अनेक युवा अवैध शराब के कारोबार में लगे हैं कई शराब को सेवन करने लगे हैं। इस प्रकार शहर में जमकर युवा पीढ़ी शराब में लिप्त हो चुकी है। इस पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस तरह माफिया राज बढ़ता है कानून व्यवस्था में सुधार नहीं होता है तो धरना देने की नौबत आई तो वे धरना देने के लिए भी तैयार रहेंगे।

# विश्वभर में कला की सरिता बहा रहा है हेम्स

## समेरिटंस विद्यालय में संगीत संध्या कल 24 अप्रैल को

नर्मदापुरम (निप्र)। हिंदुस्तान आर्ट एंड म्यूजिक सोसायटी हेम्स पूरी दुनिया में भारतीय कला गीत संगीत गायन और वादन के प्रचार प्रसार का कार्य कर रहा है। इसके साथ ही संस्था नए कलाकारों को तराशने और उन्हें देश विदेश में मंच दिलाने का कार्य भी बखूबी निभा रही है। यह बात हेम्स के सचिव पं प्रोसेन जीत पोद्दार ने कहते हुए बताया कि संस्था का इस साल का 21 वाँ और अभी तक का 539 वाँ आयोजन गुरुवार 24 अप्रैल शाम साढ़े 6 बजे से समेरिटंस विद्यालय मालाखेड़ी में होगा। उन्होंने बताया कि हिंदुस्तान आर्ट एंड म्यूजिक सोसायटी भारत सरकार द्वारा अधिमान्य एक सांस्कृतिक संस्था है जो संस्कृति विभाग के मार्गदर्शन में कार्य करता है। संस्था का मूल उद्देश्य भारतीय संस्कृति कला शास्त्रीय संगीत के सभी अंगों गायन, वादन और नृत्य का प्रचार प्रसार करता है। इसके अलावा देश विदेश में सेमिनार, वर्कशॉप और कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि संस्था जहां नए कलाकारों के उत्थान के लिए कार्य करती है वहीं जन सामान्य को भी कला के प्रति जागरूक करती है। संस्था हर साल 8 देशों 18 राज्य और 25 शहरों में कार्यक्रम करती है। संस्था के चेयरमैन डा आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि संस्था देश की संस्कृतिक धारा को पुष्ट करने उसे अविरल बनाए रखने नए कलाकारों में कला के बीजारोपण करने का अनुष्ठान है। उन्होंने बताया कि संस्था भारतीय सैनिकों और उनके बच्चों को कला से जोड़ने का कार्य भी करती है।

### ये कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुति

कार्यक्रम में विकास बाबू शहनाई, डा सुनीता टिकोरे गायन, राजेंद्र सिंह सोलंकी तबला, गुरु गजेन्द्र पांडा ओड़िशी, लिली भट्टाचार्य कथक चंदन मंडल संतूर स्वामी नारायण पिल्लई घट्टम और ऋषभ सोनी तबला पर अपनी प्रस्तुति देंगे। संस्था ने सभी कला प्रेमियों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# हर तिराहे एवं चौराहे पर प्याऊं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए : कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय समय सीमा की बैठक में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन को निर्देश दिए कि वे शहर के चौराहों, तिराहों, बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन एवं आवाजाही वाले स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरीय निकायों द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि नगरीय निकाय नालों और नालियों के शोधन का कार्य प्राथमिकता से करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि अवैध नल कनेक्शन को बंद करने की बजाए ऐसे नल कनेक्शनों के मालिको पर पेनाल्टी लगाकर उसे लीगल करें। कमिश्नर ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए पानी की सप्लाई ना रोकी जाए। कमिश्नर ने मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए कि वे अपनी जल संरचनाओं एवं नहरों को राजस्व अभिलेख में दर्ज कराएं। उन्होने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नहरों की साफ सफाई एवं मरम्मत का कार्य भी प्राथमिकता से पूरा किया जाए।

# ट्रेचिंग ग्राउंड में गरीबों के मकान नहीं तोड़ने को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

## 25 वर्षों से रह रहे हैं लोग कार्यवाही हो निरस्त

नर्मदापुरम(निप्र)। शहर के वार्ड क्रमांक 32 खोजनपुर स्थित ट्रेचिंग ग्राउंड में विगत 25 वर्षों से गरीब मजदूर अपने परिवार बच्चों के साथ रहते हैं। कर्ज लेकर अपने परिवार के लिए मकान का निर्माण किये है। सरकार द्वारा यहां सभी व्यवस्था की गई है, लेकिन अब इन्हें अतिक्रमण हटाने नोटिस दिया गया है। इसको लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट और नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर अतिक्रमण नहीं हटाने की मांग की। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र भार्गव के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग श्रीमती गीता मीणा प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा जिला अध्यक्ष महिला विंग ममता मीना ब्लॉक अध्यक्ष प्रियंका मेहरा और ब्लॉक मीडिया प्रभारी सचिन शर्मा दयाराम फौजदार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंप कर यहां से मकान नहीं हटाने की मांग की। अधिकारियों से कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को निरस्त की जाए। यदि कार्यवाही स्थगित नहीं की गई तो राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ मजदूरों के हक के लिए नगर परिषद कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठेगा।

# ग्राम धांसाई में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संगोष्ठी का आयोजन



## नवांकुर संस्था क्षितिज वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन केसला के सहयोग से आयोजित हुआ कार्यक्रम

नर्मदापुरम(निप्र)। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश अनुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम धांसाई में एक महत्वपूर्ण जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था क्षितिज वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन, केसला के सहयोग से किया गया। संगोष्ठी में ग्रामवासियों, विशेषकर किसानों को जल संरक्षण के विविध उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संगोष्ठी में मुख्य रूप से हैण्डपम्प के आसपास सोखता गड्ढा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया ताकि भूजल स्तर को बढ़ाया जा सके और जलभराव की समस्या से बचा जा सके। साथ ही, खेतों के पास बहने वाले नदी-नालों में वर्षा जल को रोकने के सरल व कारगर उपायों की जानकारी देकर किसानों को प्रोत्साहित किया गया।इस अवसर पर जल संरक्षण से जुड़ी कई अहम जानकारियां साझा की गईं और उपस्थित ग्रामीणों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव-गांव में जल संरक्षण की भावना को मजबूत करना और भावी पीढ़ियों के लिए जल स्रोतों को सुरक्षित रखना है।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सतत कार्यवाही जारी

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा इटारसी स्थित चाट चौपाटी की, कि गई जांच



नर्मदापुरम(निप्र)। जनमानस के स्वास्थ्य के दृष्टिगत रखते हुए शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सतत कार्यवाही जारी है। इसके तारतम्य में मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस दियावार एवं जितेन्द्र सिंह राणा द्वारा इटारसी स्थित चाट चौपाटी की जांच की गई।खाद्य सुरक्षा अधिकारियो द्वारा सभी स्ट्रीट खाद्य व्यवसायी को खाद्य पदार्थ को ढक कर रखना, खाद्य पदार्थों को रखने के लिए न्यूज़पेपर का प्रयोग न करने और केप और एप्रन पहनकर खाद्य पदार्थों का निर्माण करने, वैधता तिथि संबंधी दिशा निर्देश प्रदान किए गएद्य सभी परिसरों को साफ सफाई के निर्देश दिए गए। तथा अजीनोमोटो एवं खाद्य रंग का प्रयोग कम करना है इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा से संबंधित अन्य समझाइश दी गई कि ग्राहक को साफ एवं शुद्ध खाद्य पदार्थों को परोसा जाए जिससे किसी प्रकार की बीमारी या फूड विषाक्तता ना हो।

# जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सौजान सिंह रावत ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, जनसमस्याओं का किया निराकरण

### जनसुनवाई में हुई 111 आवेदनों पर सुनवाई



नर्मदापुरम(निप्र)। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सौजान सिंह रावत ने आमजनों द्वारा दिए गए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। जनसुनवाई में कुल 111 आवेदन आएं। जनसुनवाई में संजय नगर नर्मदापुरम निवासी पंचकुला भिसे द्वारा आवेदन देकर बताया गया कि उनके पति की मृत्यु हो जाने के उपरांत संबल योजना के तहत सहायता राशि प्राप्त नहीं हुई है जिस पर जिला पंचायत सीईओ द्वारा श्रम अधिकारी को जांच के निर्देश दिए गए। श्रम अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त प्रकरण स्वीकृत किया जा चुका है जिसमें शीघ्र ही राशि अंतरित की जाएगी। जनपद पंचायत सिवनी मालवा की ग्राम पंचायत हिरण खेड़ा के सरपंच द्वारा गांव में नवीन विद्युत केवली कारण कार्य करवाए जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिला पंचायत सीईओ ने ईई एमपीईबी को निर्देशित किया कि क्षेत्र सर्वे कर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। जनसुनवाई के दौरान मालखेड़ी नर्मदापुरम निवासी संतोष कुमार पासी ने कच्चे मकान का हवाला देते हुए पट्टा प्रदान किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर जिला पंचायत सीईओ द्वारा तहसीलदार नर्मदा पुरम को निर्देशित किया कि उक्त संबंध में जांच कर आवश्यक कार्रवाई संपादित की जाए। इसी प्रकार सीईओ श्री रावत ने अन्य आवेदनों का भी समाधान किया। जनसुनवाई में सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत, एसडीएम नर्मदापुरम श्रीमती नीता कोरी, तहसीलदार नर्मदापुरम नगर देव शंकर धुर्वे सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिवनी मालवा में तालाब की सफाई हेतु जन सहभागिता से हुआ श्रमदान

नर्मदापुरम(निप्र)। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सिवनीमालवा में तालाब की सफाई के लिए स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में क्षेत्रीय प्रशासन, ग्रामीणजन और अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। इस श्रमदान कार्यक्रम का नेतृत्व सिवनीमालवा की एसडीएम श्रीमती सरोज परिहार ने किया। उनके साथ जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रुति चौधरी एवं अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने सामूहिक प्रयासों से तालाब की सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्रामवासियों में जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूकता देखने को मिली।



कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल तालाब की सफाई करना था, अपितु वर्षाकाल में वर्षाजल संचयन करना साथ ही समाज में जल संवर्धन की भावना को भी जागृत करना था। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के महत्व को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com